सूर्योदय 6:04 सूर्यास्त 6:30

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.6 न्यू | 23.2 अधि |
| धर्मशाला | 19.0 न्यू | 29.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81921.29 |
| निफ्टी | 25041.10 |
| सोना 72,870 | चांदी 86,687 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




टेनिस रैंकिंग में नंबर-2 पर सबालेंका

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 11 सितंबर 2024 | 27 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 265, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### सीताराम येचुरी की तबीयत बिगड़ी, हालत गंभीर



**नई दिल्ली।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के जनरल सेक्रेटरी सीताराम येचुरी तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली एम्स में भर्ती करवाया गया है। उनकी हालत गंभीर है। येचुरी को सांस लेने में तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती कराया है। वह अभी रेस्पिरेटरी सपोर्ट पर हैं। डॉक्टरों की टीम उनकी हालत पर नजर रख रही है। इससे पहले 19 अगस्त को येचुरी को भी एम्स में भर्ती करवाया गया था, तब उन्हें निमोनिया हुआ था।

### इमरान खान की पार्टी के तीन नेता गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता बैरिस्टर गौहर अली खान, शेर अफजल खान मारवात और एडवोकेट शोएब शाहीन को इस्लामाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता जावेद ताकी ने बताया कि पुलिस ने उन्हें नेशनल असेंबली के सत्र के बाद संसद भवन के बाहर से गिरफ्तार किया है।

### पीएम टिप्पणी मामले में थरूर को राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए शिवलिंग पर बिच्छू संबंधी कथित टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ दर्ज मानहानि के मुकदमे में एक निचली अदालत में कार्यवाही पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति आर माधवन की पीठ ने मामले में दिल्ली सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया तथा नोटिस पर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा।

### सुप्रीम कोर्ट में 6 एडिशनल सॉलिसिटर जनरल नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए छह वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) नियुक्त किया है। एएसजी की नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए की गई है। इनमें एस. द्वारकानाथ, अर्चना पाठक दवे, सत्य दर्शी संजय, बृजेंद्र चाहर, राघवेंद्र पी. शंकर और राजकुमार भास्कर ठाकरे (राजा ठाकरे) शामिल हैं।

### दिल्ली सरकार बर्खास्त करने को राष्ट्रपति को लिखा खत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। इस चिट्ठी को राष्ट्रपति कार्यालय ने गृह मंत्रालय के पास भेज दिया है। लेटर में लिखा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। ऐसे में सरकार से जुड़े कई काम अटके हुए हैं। फाइलों पर साइन नहीं हो पा रहे हैं। पत्र में विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता समेत 7 अन्य विधायकों के अलावा एक पूर्व विधायक के साइन हैं।

### आतंकी फंडिंग मामले में सांसद राशिद को जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की विशेष एनआईए अदालत ने आतंकी फंडिंग मामले में सांसद राशिद इंजीनियर को अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने जेएंडके विधानसभा चुनावों में प्रचार करने के लिए 2 अक्टूबर तक अंतरिम जमानत दी है। 2017 के आतंकी-फंडिंग मामले में कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत एनआईए ने गिरफ्तार किया था।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- मस्जिद विवाद को लेकर आज हिंदू संगठनों का होगा प्रदर्शन -पेज 2
- 10 साल में देश में 76,000 स्कूल हुए मर्ज -पेज 3
- अगले साल जून तक सुहाना होगा मटौर-हमीरपुर का सफर -पेज 5
- तीन मासूमों को जान पर खेलकर कालाअंब पुलिस ने किया रेस्क्यू -पेज 12
- साइबर सुरक्षा के बिना देश की प्रगति संभव नहीं: शाह -पेज 14


# भाजपा की गलत नीतियों से गरीब हुआ हिमाचल : सुक्खू

## बोले- राजस्व सरप्लस था तो भाजपा ने क्यों नहीं दिया डीए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हिमाचल** विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश की वित्तीय स्थिति को लेकर विधानसभा के अंदर व बाहर मीडिया से बातचीत में सारी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा के इतिहास में पहली बार मानसून सत्र सबसे लंबा चला। पहले मानसून सत्र दस दिन का रखा गया था, लेकिन विपक्ष की मांग पर इसे एक दिन और बढ़ाया गया। खेद इस बात का है कि विपक्ष ने जोर देकर कहा था कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर चर्चा के लिए समय नहीं मिला। सरकार ने इस मसले की गंभीरता को देखते हुए मानसून सत्र को 11 दिन का कर दिया, लेकिन जब चर्चा का समय आया तो विपक्ष प्रदेश की वित्तीय स्थिति को लेकर गंभीर नहीं दिखा।

सत्र के अंतिम दिन नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर वित्तीय स्थिति को लेकर चर्चा कर रहे थे तो भाजपा के केवल सात, आठ विधायक ही सत्र में मौजूद थे। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जयराम की बात का उनके विधायक भी समर्थन करने को तैयार नहीं। भाजपा प्रदेश में वित्तीय कुप्रबंधन की बात करती है, जबकि इसके लिए वह ही जिम्मेदार है। भाजपा की गलत नीतियों की वजह से आज हिमाचल प्रदेश गरीब हो गया है। जिस राज्य में 2017-18 से लेकर राजस्व घाटा अनुदान नौ हजार करोड़ से लेकर दस हजार करोड़ तक मिलता रहा, उस राज्य में अब हमें राजस्व घाटा अनुदान के रूप में महज तीन हजार करोड़ रुपए की ग्रांट मिली। भाजपा सरकार के समय जीएसटी के रूप में केंद्र से 1300 से लेकर 1800 करोड़ तक रुपए मिलते रहे।

भाजपा दावा करती थी कि राजस्व सरप्लस था, अगर राजस्व सरप्लस था तो फिर सरकारी कर्मचारियों का डीए उसने क्यों नहीं दिया। सरकार ने जब सत्ता संभाली थी तो प्रदेश की माली हालत ठीक नहीं थी। भाजपा ने बड़े-बड़े होटल मालिकों के टैक्स फ्री कर दिए और बिजली भी फ्री कर दी। यही, नहीं महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत किराया फ्री कर दिया। यह सब भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए किया। भाजपा ने चुनाव जीतने के संदर्भ में जो भी फैसले लिए उससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था का बेड़ा गर्क कर दिया। हमारी सरकार ने एक साल में आर्थिक संकट पर काबू पाया। इसके बाद प्रदेश में आई आपदा से भी हम निपटे, जिसकी प्रशंसा नीति आयोग और शांता कुमार ने भी की।

## विधानसभा में विद्युत शुल्क संशोधन विधेयक 2024 पास, बिजली हुई महंगी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन विद्युत शुल्क संशोधन विधेयक 2024 पास हो गया है। अब प्रदेश में बिजली महंगी हो जाएगी। बिजली की हर यूनिट पर उपभोक्ताओं को मिल्क सेस और पर्यावरण सेस देना होगा। घरेलू उपभोक्ताओं को हर यूनिट पर 10 पैसे और औद्योगिक इकाइयों पर 2 पैसे प्रति यूनिट से लेकर 6 रुपए प्रति यूनिट तक का बोझ पड़ेगा। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को विद्युत शुल्क संशोधन विधेयक 2024 पेश किया था और मंगलवार को विपक्ष की ओर से इस बिल का विरोध किया गया। विपक्ष ने कहा कि यह बिल आम जनता पर बोझ है। इसकी मार घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ प्रदेश में लगने वाले उद्योगों के मालिकों पर पड़ेगी। हालांकि, विपक्ष के विरोध के बीच प्रदेश विद्युत (शुल्क) संशोधन विधेयक 2024 विधानसभा में पास हो गया। (अनंत ज्ञान)

## प्रत्येक हिमाचली पर 1.17 लाख का कर्ज : धर्माणी



**विधानसभा** में नियम-130 के तहत प्रदेश की वित्तीय स्थिति को लेकर तकनीकी शिक्षा एवं टीसीपी मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि इस समय प्रत्येक हिमाचली पर 1.17 लाख रुपए का कर्ज है। सरकारी विभागों, निगम-बोर्ड व स्वायत्त संस्थानों में वेतन और पेंशन पर 27 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का व्यय किया जा रहा है। वित्त विभाग की तरफ से एक नया मामला सामने लाया गया है, जिसमें पता चला है कि प्रदेश में वर्ष 2006 से 2022 के बीच प्रथम श्रेणी के अधिकारियों की संख्या 62 फीसदी बढ़ गई। इसके विपरीत निचले स्तर पर काम करने वाले स्टाफ की कमी है, जिसको दूर करने के लिए आउटसोर्स जैसे विकल्पों को अपनाया जा रहा है। बोर्ड की समीक्षा में वहां बिना पद के ही 261 अधिकारियों को पदोन्नत कर दिया गया।



विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के साथ सदन से वॉकआउट करते भाजपा विधायक।

## आर्थिक संकट पर सीएम के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष का वॉकआउट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**विधानसभा** में आर्थिक संकट को लेकर दो दिन हुई चर्चा के बाद अंतिम दिन मंगलवार को सीएम सुक्खू के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने वॉकआउट कर लिया। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में कोई आर्थिक संकट नहीं है, बल्कि कैश फ्लो मिस-मैच हुआ है और सरकार इसे कंट्रोल करने का प्रयास कर रही है। यह बात विपक्ष को हाजम नहीं हुई और इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने सदन में नारेबाजी भी की। प्रदेश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए बहुत कड़े फैसले लेने होंगे। उन्होंने प्रदेश की जनता से भी अपील की कि वह सरकार के इन फैसलों के साथ खड़े हों। सरकार के इन फैसलों से हिमाचल 2027 तक आत्मनिर्भर बन सकेगा।

उन्होंने कहा कि अगर हम प्रदेश हित की बात सोचते हैं तो हमें कड़े फैसले लेने से नहीं हिचकना होगा। प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए धारा 118 को और लचीला बनाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इस समय कर्मचारियों के वेतन और पेंशन पर हर साल 27 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है। निगमों और बोर्डों में भी वेतन और पेंशन पर हर साल 3300 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। एनपीएस का 10,600 करोड़ रुपए पीएफआरए के पास पड़ा है। इसमें से छह सौ करोड़ रुपए प्रदेश सरकार का है। इस पैसे को वापस लेने के लिए खुद केंद्र सरकार से मामला उठाएंगे। प्रदेश सरकार राज्य की आर्थिक स्थिति ठीक होते ही कर्मचारियों और पेंशनरों को उनका डीए और एरियर जारी करेगी।

## सुंदरनगर के समेरन गांव में आग लगने से 3 मकान जलकर राख

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**सुंदरनगर** विधानसभा क्षेत्र की पौड़ाकोठी पंचायत के मसेरन गांव में सोमवार देर रात को आग लगने से तीन मकान जलकर राख हो गए।

**पीड़ित परिवारों को दिए 10-10 हजार रुपए**

अग्निकांड से इंद्रदेव, रघुनाथ और रमेश को मकान व पूरा सामान जलने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलने के बाद पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने प्रशासन सहित घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवारों से मिले। उन्होंने पीड़ित परिवारों को 10-10 हजार रुपए की फौरी राहत राशि प्रदान की। पीड़ित परिवारों को राशन, कंबल व तिरपाल मुहैया करवाए जा रहे हैं। सोहन लाल ने पीड़ित परिवारों को सरकार की ओर से हरसंभव सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया है।



घटनास्थल पर पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मिलते पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर।

### छात्रों का हिंसक प्रदर्शन; सुरक्षाबलों से झड़प, सीआरपीएफ के 2,000 जवान भेजे

## मणिपुर के 3 जिलों में लगाया कर्फ्यू, 15 तक इंटरनेट पर बैन

**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन छात्रों का हिंसक प्रदर्शन जारी रहा। राजभवन की ओर मार्च कर रहे स्टूडेंट्स की सुरक्षाबलों से झड़प हो गई।

छात्रों ने सुरक्षाबलों पर पथराव किया और गुलेल से छर्रे मारे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे गए। हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए केंद्र ने मंगलवार को मणिपुर में 2,000 और सीआरपीएफ जवान भेजने का फैसला किया है। राज्य में इंटरनेट सेवा 15 सितंबर तक निलंबित कर दी है। वहीं, मणिपुर में तीन जिलों इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट और थौबल में कर्फ्यू लगा दिया गया है। छात्रों का नेतृत्व कर रहे एम. सनाथोई चानू ने कहा कि हमने डीजीपी, राज्य सरकार के सुरक्षा सलाहकार को हटाने की मांग की है। सीआरपीएफ के पूर्व डीजी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में बनी यूनिफाइड कमांड राज्य सरकार को सौंपने की मांग की वहीं, राज्य में 11-12 सितंबर को सभी सरकारी और प्राइवेट कॉलेज बंद रहेंगे।



### सोलन में रैगिंग मामले में तीन छात्र गिरफ्तार

**सोलन।** सोलन जिले में निजी यूनिवर्सिटी में रैगिंग करने के मामले में पुलिस ने तीन छात्रों को गिरफ्तार किया है। यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे जूनियर छात्र रजत की शिकायत पर कंडाघाट पुलिस ने मामला दर्ज किया है। छात्र ने बताया कि दो दिन पूर्व फाइनल ईयर के कुछ छात्रों ने रैगिंग की और कमरे में ले जाकर मारपीट की। सीनियर उसे कई दिन से तंग कर रहे थे और दो दिन पहले वह उसे जबरदस्ती कमरे में ले गए। कमरे में मारपीट के दौरान उसे चोटें भी आई हैं। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। आरोपी छात्रों से पूछताछ की जाएगी।

### केदारनाथ में लैंडस्लाडिंग से 5 लोगों की मौत



**देहरादून।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर भू-स्खलन होने से पांच लोगों की मौत हो गई। सोमवार को भू-स्खलन होने से लोग दब गए थे। वहीं, मंगलवार सुबह तीर्थयात्रियों के चार और शव बरामद हुए हैं, जिससे मृतकों की संख्या पांच हो गई है। तीन अन्य को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया है। मृतक और घायलों में पड़ोसी देश नेपाल के साथ, मध्य प्रदेश और गुजरात के यात्री शामिल हैं। राहत और बचाव कार्य अभी जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक जताया है।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस : काम पर नहीं लौटे जूनियर डॉक्टर

**एजेंसी, कोलकाता**

**सुप्रीम कोर्ट का नहीं माना आदेश, बोले- मांगें पूरी होने तक ड्यूटी पर नहीं आएंगे**

**कोलकाता** डॉक्टर रेप-मर्डर केस के विरोध में सैकड़ों जूनियर डॉक्टरों ने पुलिस मुख्यालय से स्वास्थ्य भवन तक मार्च निकाला।

प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार शाम 5 बजे तक काम पर लौटने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं माना। डॉक्टरों ने कहा कि वे अपनी मांगें पूरी होने और आरजी कर अस्पताल घटना की पीड़िता को न्याय मिलने तक ड्यूटी पर नहीं जाएंगे। वहीं, अस्पताल ने धमकी की संस्कृति को बढ़ावा देने और संस्थान के लोकतांत्रिक माहौल को खतरे में डालने के लिए 51 डॉक्टरों को नोटिस जारी किया है और उन्हें 11 सितंबर को जांच समिति के समक्ष पेश होने के लिए कहा है।

### संदीप घोष को 23 तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में मंगलवार को विशेष सीबीआई अदालत ने 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत ने उनके सुरक्षाकर्मी अफसर अली और दो कथित सहयोगियों (ठेकेदार वेंडर बिप्लब सिन्हा और सुमन हाजरा) को भी 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि यदि आवश्यकता हुई, तो वह पुनः उनकी हिरासत की मांग करेगा।

### कठुआ में सीआरपीएफ का वाहन पलटने से चार जवान घायल

**अशोक ठाकुर, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में मंगलवार को सीआरपीएफ का वाहन पलटने से चार जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ के जवान केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बिलावर जा रहे दल का हिस्सा थे। केंद्रीय मंत्री भाजपा के उम्मीदवार सतीश शर्मा के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए हेलिकॉप्टर से पहुंचने वाले थे। सीआरपीएफ जवानों को ले जा रहा वाहन बिलावर के निकट आगे का एक पहिया फट जाने के कारण पलट गया, जिससे चार जवान घायल हो गए। उन्होंने बताया कि जवानों को बाद में इलाज के लिए बिलावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया है। (अनंत ज्ञान)






**राजनीति** अमेरिका में दिए भाषणों पर भाजपा नेताओं ने बोला हमला

# सिखों पर राहुल के बयान से सियासी भूचाल

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से अमेरिका के वर्जीनिया में सिखों पर दिए गए बयान से सियासी भूचाल मच गया है। भाजपा नेता उनके बयानों की आलोचना करते हुए उन पर हमला कर रहे हैं।**

### क्या कहा था राहुल गांधी ने




**लड़ाई** इस बात को लेकर है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी पहनने की इजाजत दी जाएगी और क्या वह गुरुद्वारे में जा सकेगा। सबसे पहले हमें यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है। लड़ाई राजनीति के बारे में नहीं है। यह सतही है। आपका नाम क्या है? लड़ाई इस बारे में है और यह सभी धर्मों के लिए है।

### राहुल के खिलाफ करूंगा केस : आरपी सिंह



**भाजपा** नेता आरपी सिंह ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि दिल्ली में 3000 सिखों का नरसंहार किया गया, उनके बाल काट दिए गए और दाढ़ी मुंडवा दी गईं, यह तब हुआ जब कांग्रेस सत्ता में थी। मैं राहुल को चुनौती देता हूं कि वह सिखों के बारे में जो कह रहे हैं, उसे भारत में दोहराएं और फिर मैं उनके खिलाफ केस दर्ज करूंगा और उन्हें कोर्ट में घसीटूंगा।

### हरदीप बोले- विदेश में झूठी कहानी फैला रहे राहुल



**सिख** समुदाय से ताल्लुक रखने वाले भाजपा नेता हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सिखों के पगड़ी और कड़ा पहनने के बारे में राहुल की टिप्पणी की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। राहुल संवेदनशील मुद्दों पर बयान देते रहे हैं। मुझे लगता है कि यह कहीं अधिक भयावह है, क्योंकि राहुल मेरे समुदाय के उन लोगों के सामने झूठी कहानी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जो कड़ी मेहनत व ईमानदारी से अमेरिका में आजीविका कमाने की कोशिश कर रहे हैं।

### समान अवसर मिलने पर खत्म होगा आरक्षण

**राहुल** गांधी ने कहा कि कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे। फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। दरअसल, वॉशिंगटन डीसी के जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी में राहुल से पूछा गया था कि भारत में आरक्षण कब तक चलेगा? इसके जवाब में उन्होंने ये बातें कहीं। वहीं, बसपा नेता मायावती ने बयान की निंदा करते हुए कहा कि राहुल के नाटक से सतर्क रहें, वह आरक्षण को खत्म करने की साजिश में जुटे हैं।





हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र के 11वें व अंतिम दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिए सचिवालय की तरफ जाते कांग्रेस व भाजपा के विधायक। अंतिम दिन प्रदेश की वित्तीय स्थिति, संजौली मस्जिद विवाद और अवैध खनन के अलावा शिक्षा और कानून व्यवस्था पर चर्चा हुई।

### मानसून सत्र के अंतिम दिन सदन में फिर उठा संजौली मस्जिद विवाद मामला

# प्रदेश में कानून व्यवस्था नहीं होने देंगे खराब : सुक्खू

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिमला के संजौली में मस्जिद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जहां हिंदुवादी संगठनों द्वारा आज यानी बुधवार को मस्जिद गिराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाना है, वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए सदन में इसको लेकर विधायक हरीश जनारथा ने पॉइंट ऑफ ऑडर के तहत मामला उठाया। हरीश जनारथा ने कहा कि लोगों में डर का माहौल है। माहौल शांत होना चाहिए।

कोई भी प्रवासी यहां आए, उसका सत्यापन हो। वेंडिंग जोन बनाए जाएं। इसके बाद ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह अपनी बात कहने के लिए विधानसभा अध्यक्ष से अनुमति मांगते रहे तो उन्हें अनुमति नहीं मिली।

इस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि उनसे मंत्री और विधायक मिले थे। हिमाचल प्रदेश में स्ट्रीट वेंडर्स की समस्याओं का हल निकालने के लिए एक मंत्रिमंडलीय उप समिति बनाई जाएगी जो इस संबंध में चर्चा करेगी। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश शांतिप्रिय प्रदेश है। हिमाचल की संस्कृति सबका सम्मान करने की रही है, लेकिन कानून व्यवस्था को खराब नहीं होने दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



## पांच मिनट में ही खत्म हो गया प्रश्नकाल

हिमाचल प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के अंतिम दिन मंगलवार को प्रश्नकाल में केवल दो ही सवाल मौखिक जवाब के लिए लगे थे। विस्तारित बैठक होने के चलते सभी के जवाब सरकार के पास नहीं होने पर पांच मिनट में ही प्रश्नकाल खत्म हो गया। विधायक सतपाल सिंह सत्ती के सदन में नहीं होने के चलते दो में से भी एक प्रश्न नहीं लग पाया।

## कुछ लोग इसे सांप्रदायिक रंग देना चाह रहे : अनिरुद्ध



**ग्रामीण** विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कोई भी भारत का नागरिक आ सकता है और अपनी आजीविका कमा सकता है। कुछ लोग इसे सांप्रदायिक रंग देना चाहते हैं और इस पर राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं। चाहे कोई भी व्यक्ति आए और काम करे तो उसकी पूरी तरह से वेरिफिकेशन होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने हालांकि इससे पहले जवाब दे दिया है कि कमेटी बनाई जाएगी। कुछ असामाजिक तत्व हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार की छवि को खराब करना चाहते हैं।

## 23 पुलिस थानों के पास नहीं अपनी गाड़ियां

विधानसभा सदन में इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन के सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में 23 पुलिस थाने ऐसे हैं, जिनके पास स्थाई वाहन नहीं हैं। इनमें सीआईडी और ट्रैफिक व टूरिस्ट पुलिस थाने भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पांच जिलों के 17 पुलिस थानों के पास स्थाई वाहन नहीं हैं। सिरमौर जिला के नाहन सदर, पच्छाद, राजगढ़ और शिलाई थानों के पास अपने वाहन की सुविधा नहीं है। इसी तरह शिमला जिला के झाकड़ी, चिड़गांव व न्यू शिमला पुलिस थानों में अपना स्थायी वाहन नहीं है। सोलन जिला के सायरी और बागा, मंडी जिला में एकमात्र जोगिंद्रनगर पुलिस थाना है, जहां कोई भी स्थाई वाहन नहीं है। कांगड़ा जिला में सबसे ज्यादा चार पुलिस थानों में अपना वाहन नहीं है।

# सिर्फ टैक्स पर टैक्स लाद देना राजस्व बढ़ाने का तरीका नहीं : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला में मीडिया के प्रतिनिधियों से बात करते हुए कहा कि राजस्व बढ़ाने के लिए सरकार पॉलिसी में सुधार लाए, सिर्फ टैक्स पर टैक्स लाद देना राजस्व बढ़ाने का तरीका नहीं है। टैक्स का बोझ किसी समस्या का समाधान नहीं है।

सत्ता में आने के अगले दिन से ही मुख्यमंत्री सिर्फ और सिर्फ टैक्स पर टैक्स बढ़ाने की नीति पर काम कर रहे हैं। डीजल पर वैट बढ़ाकर सुक्खू सरकार ने अपने काम-काज की शुरुआत की।

फिर आपदा आई, आपदा के नाम पर फिर डीजल का वैट बढ़ा दिया। बिजली के बिल बढ़ा दिए, कूड़ा उठाने के बिल बढ़ा दिए, पानी का बिल बढ़ा दिए, प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ा दिए, स्टाम्प ड्यूटी बढ़ा दी। एग्रीमेंट में लगने वाले स्टाम्प शुल्क को दस गुना बढ़ा दिया। नकल, खसरा, खतौनी सबके शुल्क कई



गुना बढ़ा दिए। कोई ऐसी सेवा नहीं है, जिसके शुल्क में सुक्खू सरकार में बढ़ोतरी नहीं हुई हो।

**प्रदेश में उत्पादकता को बढ़ाना होगा :** जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की आर्थिकी सही करने के लिए राजस्व बढ़ाने वाली नीतियां बनानी होंगी। प्रदेश में उत्पादकता को बढ़ाना होगा। उद्योगों की संख्या बढ़ानी होगी।

प्रदेश में औद्योगीकरण को प्रोत्साहित करना होगा। निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ाना होगा, जिससे हिमाचल एक उत्पादक राज्य बन सके, लेकिन कांग्रेस की सरकार में आने के बाद से ही इसका उल्टा काम हुआ। उद्योगों को मिल रहे प्रोत्साहन को खत्म करने का प्रयास किया गया।

उद्योगों को मिल रही बिजली के दाम मनमाने बढ़ाए जिसे हाईकोर्ट ने पलट दिया। उद्योगों को सुरक्षा देने के बजाय माफिया को सह दी, जिसके कारण उद्योग पलायन कर गए। प्रदेश के राजस्व को इस तरह से सरकार की नीतियों की वजह से नुकसान हुआ।

**संजौली मामले में शांतिपूर्ण तरीके से बात रखने की अपील**

नेता प्रतिपक्ष ने संजौली में प्रदर्शन से संबंधित सवाल के जवाब में कहा कि प्रदर्शन करना लोगों का संवैधानिक हक है। इसलिए सरकार उसे रोक नहीं सकती है। लोगों की भावनाओं के साथ यह मजाक है। कानून व्यवस्था सरकार का काम है। सरकार अपना काम करे। इसके साथ ही नेता प्रतिपक्ष ने लोगों से शांति बनाने की अपील की।

### विधानसभा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

# गरली से ऊना स्थानांतरित नहीं होगा हिमाचल सहकारी प्रबंधन केंद्र : मुकेश

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सहकारी प्रबंधन केंद्र गरली को जिला ऊना में स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश सहकारी प्रबंधन केंद्र गरली वर्ष 1981 से चल रहा है। इसमें 60 प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण और ठहरने की व्यवस्था है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सदन में यह जानकारी भाजपा विधायक विक्रम ठाकुर की ओर से नियम- 62 के तहत लगाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान दी। दरअसल विक्रम ठाकुर ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में पूछा कि क्या गरली के संस्थान को ऊना शिफ्ट किया जा रहा है?

उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर कुछ पंचायतों के प्रतिनिधि भी उनसे मिले थे और ये शंका जाहिर की गरली संस्थान को ऊना में शिफ्ट किया जा रहा है। इसको लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इसे शिफ्ट नहीं किया जा रहा है।

मुकेश ने कहा कि भारत में सहकारी आंदोलन के संस्थापक मियां हीरा सिंह के महत्वपूर्ण



योगदान को मान्यता देते हुए हिमकोफेड की ओर से ऊना जिला के पंजावर में एक नया सहकारी प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करना प्रस्तावित है। मियां हीरा सिंह ने 1892 में हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला के पंजावर से भारत में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत की थी। उनकी विरासत को सम्मान देने के लिए इस नए केंद्र का नाम मियां हीरा सिंह राज्य स्तरीय सहकारी प्रशिक्षण केंद्र पंजावर रखा गया है। इस प्रस्तावित संस्थान का शिलान्यास 8 फरवरी, 2024 को किया गया। इसकी अनुमानित लागत 795.91 लाख है। अत: दोनों प्रशिक्षण केंद्र यानी हिमाचल प्रदेश सहकारी प्रबंधन केंद्र गरली जिला कांगड़ा और ऊना जिला के पंजावर में प्रस्तावित सहकारी प्रशिक्षण संस्थान एक साथ काम करते रहेंगे।

## ओपीडी में डॉक्टर विधायक को देखने पड़ रहे मरीज

भरमौर से भाजपा विधायक जनकराज ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होली में डॉक्टर की तैनाती न होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र क्लर्क और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के सहारे चल रहा है। जब वह क्षेत्र के दौरे पर होते हैं तो खुद ओपीडी में बैठते हैं। डॉक्टर न होने के कारण 14 पंचायतों के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उत्तर में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि 7 से 10 दिन के भीतर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होली में स्थायी तौर पर डॉक्टर की तैनाती कर दी जाएगी।

## 11 बैठकों में 53 घंटे विधानसभा कार्यवाही

**शिमला ।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि चौदहवीं विधानसभा का सत्र अपेक्षा अनुरूप पूर्ण सफलता के साथ सम्पन्न हुआ है। यह सत्र 27 अगस्त से आरम्भ हुआ था तथा 10 सितम्बर 2024 तक चला। इस सत्र में कुल 11 बैठकों का अयोजन किया गया, जिसकी कार्यवाही लगभग 53 घंटे तक चली।

इस तरह सत्र की उत्पादकता 96 प्रतिशत रहा। सदन की बैठकें 9 सितम्बर तक निर्धारित थी, लेकिन सदन की सहमति से बैठक एक दिन के लिए और बढ़ाई गई।

इस सत्र के दौरान कुल 480 तारांकित तथा 299 अतारांकित प्रश्नों की सूचनाओं पर सरकार द्वारा उत्तर उपलब्ध करवाए गए। पठानिया ने कहा कि सत्र में नियम 62 के अन्तर्गत 14 विषयों तथा नियम 63 के अन्तर्गत 1 विषय पर विस्तृत चर्चा की गई तथा माननीय सदस्यों ने बहुमुल्य सुझाव दिए।

सत्र में दिनांके 29 अगस्त व 5 सितम्बर, 2024 को दो दिन गैर सरकारी सदस्य कार्य दिवस के लिए निर्धारित थे जिस पर माननीय सदस्यों ने नियम 101 के अन्तर्गत 8 गैर दूसरकारी संकल्प प्रस्तुत किए इनमें से 3 संकल्पों पर माननीय सदस्यों ने बहुमुल्य सुझाव दिए

### नियम-62 विधायक अनुराधा राणा के सवाल पर बोले शिक्षा मंत्री रोहित

# 10 साल में देश में 76,000 स्कूल हुए मर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार शिक्षा में सुधारीकरण की स्थिति में आगे बढ़कर काम कर रही है।

स्कूलों को मर्ज करना व शिक्षकों का युक्तिकरण इसी प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि स्कूलों को केवल हिमाचल ने ही मर्ज नहीं किया है। पिछले 10 सालों में देश में 76 हजार स्कूल मर्ज हुए हैं। शिक्षा मंत्री ने यह जानकारी विधायक अनुराधा राणा द्वारा नियम-62 के तहत उठाए मामले के जवाब में दी।

2013 में गुजरात से इसकी शुरुआत की गई थी। यहां पर 5200 स्कूलों को पिछले 10 सालों में, मध्य प्रदेश में 18 हजार, महाराष्ट्र में 14 हजार, जम्मू-कश्मीर में 4,790, राजस्थान में 2,335,



छत्तीसगढ़ में 2,328, उत्तराखंड में 1,671 और हरियाणा में 623 स्कूलों को मर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 26 हजार स्कूलों को मर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग की भी ये गाइडलाइन है। उन्होंने बताया कि 16वें वित्तायोग की टीम हाल ही में शिमला आई थी।

उन्होंने भी इसको लेकर सुझाव दिया था। पूर्व सरकार के समय से ही स्कूलों को मर्ज करने की जरूरत महसूस की जा रही थी। बीते एक दशक में हिमाचल के स्कूलों में 5 लाख 13 हजार विद्यार्थियों के पंजीकरण में कमी आई है।

## एक बच्चा और दो टीचर, इसलिए मर्ज किया स्कूल

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 19 स्कूलों को मर्ज किया गया। लाहौल-स्पीति जिले में 12 प्राइमरी स्कूल और 1 मिडल स्कूल मर्ज किए गए हैं। युक्तिकरण के माध्यम से स्कूलों में पूरा स्टाफ मुहैया करवाना चाहते हैं। लाहौल-स्पीति में जो 12 प्राइमरी स्कूल बंद किए। इन स्कूलों में 35 बच्चे हैं और पढ़ाने के लिए 21 टीचर हैं। इसी तरह जिस मिडल स्कूल को बंद किया गया है, वहां पर एक बच्चा और पढ़ाने के लिए दो टीचर थे। लाहौल-स्पीति के सीनियर सेकेंडरी हंसा में कक्षा 6 से 12 तक 2 बच्चे पंजीकृत थे, 8 टीचर और 5 नॉन टीचिंग स्टाफ है।




# मणिमहेश यात्रा की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




ओपी शर्मा
प्रभारी
जिला चंबा

**आभार**

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचार पत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



मुकेश कुमार
वरिष्ठ संवाददाता
डलहौजी, जिला चंबा



बबलू पठानिया
संवाददाता भटियात



आज़म डार
संवाददाता चुराह
































## पोषण माह के अंतर्गत महिलाओं को किया जागरूक



**गगरेट।** हिमाचल प्रदेश सरकार के पोषण अभियान के तहत गगरेट की बाल विकास परियोजना अधिकारी तृप्ता मिन्हास के नेतृत्व में पोषण माह रैली निकाली गई।

## जेएस विज्डम वर्ल्ड स्कूल ऊना ने कुश्ती में रनरअप ट्रॉफी जीती



**अनंत ज्ञान, ऊना।** शिक्षा खंड ऊना की अंडर-19 स्कूली लड़कों की जोनल कुश्ती प्रतियोगिता सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, देहलां में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में जेएस विज्डम वर्ल्ड स्कूल ऊना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रनरअप ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में स्कूल के खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत श्रेणियों में भी शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के आयुष कुमार ने 65 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। रमांश प्रसार ने 84 किग्रा भार वग में स्वर्ण पदक हासिल किया। मयंक माजोका ने 92 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता। हर्षदीप और अनिरुद्ध ने कांस्य पदक जीते। इस प्रतियोगिता में कुल 367 बच्चों ने भाग लिया। स्कूल पहुंचने पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया।

## खेलकूद प्रतियोगिता से लौटे खिलाड़ियों का स्वागत



**बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अरलू में जोनल स्तरीय अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर लौटे खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के लड़कों के वर्ग में वॉलीबाल की टीम उपविजेता रही। सुबह प्रार्थना सभा में कार्यकारी प्रधानाचार्य सुरेश कुमार व स्टाफ सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में पीईटी व डीपीई दोनों पद खाली होने के बाद भी बच्चों ने अध्यापकों के निर्देशन में कड़ी मेहनत करके यह उपलब्धि स्कूल के लिए हासिल की। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी राज पाल कुटलैड़िया, विकेश कुमार, राम प्रकाश, ब्रजेश, वीरेंद्र, विजय, रमेश चंद, कुलदीप, आशीष, अर्चना, नीतू, वनिता, सुमन, रोमा देवी, सुनील, शिव कुमार आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## फार्म मैनेजमेंट और बुक कीपिंग शिविर आयोजित



**हीना पठानिया, बड़ूही।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना जाइका ओडीए के दूसरे चरण के अंतर्गत नलकूप सिंचाई उप परियोजना समूरकलां में खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ऊना द्वारा फार्म मैनेजमेंट एंड बुक कीपिंग का एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 35 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर कृषि प्रसार अधिकारी दीप कौर और वीर विवेक सिंह ने बताया कि नलकूप सिंचाई उपपरियोजना समूरकलां में 17.10 हेक्टेयर भूमि को सीचिंत किया जाएगा जिसकी डीपीआर बनकर तैयार हो चुकी है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया की इस उपपरियोजना का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा।

# कैदियों को एकाग्रता का पाठ पढ़ाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ब्रह्मकुमारीज ऊना केंद्र के तत्वावधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बनगढ़ स्थित जिला सुधार गृह में सजा काट रहे व विचाराधीन कैदियों के लिए प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में जिला ब्रह्मकुमारीज केंद्र की प्रमुख बी के आशा दीदी, मैहतपुर से ब्रह्मकुमारीज बी के बबिता बहन, बी के अवदेश भाई, उनकोफैड के चेयरमैन राजेंद्र शर्मा ने भाग लिया।

इस अवसर पर जिला ऊना केंद्र की प्रमुख आशा दीदी ने में उपस्थित दो सौ से अधिक सजायाफ्ता और विचाराधीन कैदियों को आंतरिक व्यक्तित्व के विकास हेतू मूल्यों के विकास में एकाग्रता को जीवन में सिद्ध करने के लिए योग बल का



जिला सुधार गृह में ब्रह्मकुमारीज और अन्य पदाधिकारी।

महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि जहां एकाग्रता होती है, उससे आपकी संकल्पों की सिद्धि हो जाती है। व्यर्थपन समाप्त हो जाता है।

भटकती हुई बुद्धि व चंचल मन को एकाग्रता की शक्ति अनेक व्याधियों से मुक्ति प्रदान हो जाती है, इसलिए एकाग्रता का मन बना लो। इस शक्ति से एकाग्रता सें मन बुद्धि की हल चल समाप्त होकर अनुकूल वायुमंडल बनता हैं। ब्रह्मकुमारीज बबिता बहन ने सहयोग विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सहयोग से सुखमय संसार बनाने में सहयोग के सूत्र को अपनाने से सहयोग स्वायत्ता मिलता है। सहयोगी वृति को सशक्त बनाकर एक-दूसरे को निस्वार्थ लाभ दें, क्योंकि जरूरत के वक्त सहयोग देने के संबंधों में सुधार होता है। ब्रह्मकुमार अवदेश भाई ने दृढ़ता व अनुशासन के विषयों पर प्रकाश डालते हुए समझाया कि अपने संकल्पों में दृढ़ता का गुण शुभ कार्यों के लिए अपनी मंजिल पर पहुंचा देता है। विजय बनने के लिए तीन बातें सदा याद रखें-निर्भय बनना, दृढ़ निश्चय रखना तथा सेवा कार्य में श्रेष्ठ नशे रहना।

अंत में नशा मुक्ति पर विस्तार से चर्चा में ब्रह्मकुमारीज बहन बबिता ने नशों की बुरी आदतों के कुप्रभाव व उसके निवारण बारे विभिन्न उपायों व साधनों को अपनाने को सहजता से अपनाने पर अमल मे लाने का संकल्प लिया। समापन सत्र पर ब्रह्मकुमारीज बहनों ने सुधार गृह के उपअधीक्षक जगजीत चौधरी व जेल स्टाफ के सराहनीय सहयोग के लिए साधुवाद दिया। उप अधीक्षक ने ब्रह्मकुमारीज बहनों का आभार प्रकट किया।

# आरबीआई की क्विज प्रतियोगिता में लाखों रुपए जीतने का मौका

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई की स्थापना के 90 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही क्विज प्रतियोगिता में लाखों रुपए के पुरस्कार जीतने का सुनहरा अवसर है।

विभिन्न स्तरों पर आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता के लिए 17 सितंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जा सकता है। पंजाब नेशनल बैंक के जिला अग्रणी प्रबंधक लहरी मल ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला चरण 19 से 21 सितंबर तक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। अगले चरण में राज्य, जोनल और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता ऑफलाइन होगी। प्रतिभागियों की आयु 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर पहला पुरस्कार 10 लाख रुपए, तृतीय पुरस्कार 8 लाख और तृतीय पुरस्कार 6 लाख का होगा।

राज्य और जोनल स्तर पर भी नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता का पूरा विवरण आरबीआई की वेबसाइट आरबीआई 90 क्विज पर भी उपलब्ध है। ज़िला अग्रणी प्रबंधक ने बताया कि वह भी व्यक्तित्व रूप से जिला के विभिन्न कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों की इस प्रतियोगिता में भाग देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# रोहित कुमार ने संभाला बंगाणा थाना का कार्यभार

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के तहत पुलिस थाना बंगाणा में थाना प्रभारी (एसएचओ) रोहित कुमार ने कार्यभार संभालते ही कानून और व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं।



रोहित कुमार ने ऊना जिले के अंब से अपनी ड्यूटी की शुरुआत की थी, जिसके बाद एसएचओ मणिकर्ण रहे और अब थाना बंगाणा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। रोहित कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना बंगाणा हमेशा तत्पर है। अपराधियों को बक्शा नहीं जाएगा, साथ ही साथ यातायात नियमों की अवहेलना कतई बर्दाश्त नहीं होगी। अपराध को रोकने के लिए क्षेत्र के लोग पुलिस का साथ दें व वहीं बाहरी राज्यों से आए लोगों को अपना पंजीकरण करवाना जरूरी है। बिना परमिशन रेहड़ी-फड़ी, फेरी लगाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# लेक्चरर संघ का जनरल हाउस 15 को पालमपुर में

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 15 सितंबर को पालमपुर में होगी। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का जनरल हाउस का आयोजन होगा।

लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान लोकेंद्र नेगी के नेतृत्व में इस बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लेक्चरर की लंबित पड़ी मांगों में विचार-विमर्श किया जाएगा।

# 15 को ग्रामसभा की होगी विशेष बैठक

### ऊना जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न मदों पर होगी चर्चा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के सफल आयोजन के उद्देश्य से 15 सितंबर को ग्रामसभा की विशेष बैठक का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त जतिन लाल ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 5 और हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (सामान्य) नियम, 1997 के नियम 9(2) के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपायुक्त ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के सफल आयोजन के लिए 15 सितंबर को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा की विशेष बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

यह बैठक जिले में 14 सितंबर से पहली अक्तूबर 2024 तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित की जाएगी। आदेश के अनुसार, इस विशेष बैठक में गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल (खुले में शोच मुक्त प्लस मॉडल) के रूप में घोषित करने के अलावा सत्यापित गांवों के लिए प्रस्ताव पारित से जुड़े मदों पर चर्चा की जाएगी।

इसके अलावा बैठक में व्यक्तिगत घरेलू शौचालय के लाभार्थियों की पहचान और मौजूदा शौचालयों की रीट्रॉफिटिंग के लिए आवश्यक कदम उठाने और पंचायतों में सार्वजनिक कचरा प्रबंधन इकाइयों तथा कचरा पृथक्करण शेड्स की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान के मदों पर चर्चा की जाएगी।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों को कराया योग अभ्यास

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने प्रभात फेरी निकाली। प्रवक्ता रमेश कुमार ने स्वयंसेवियों को योगाभ्यास करवाया तथा स्वास्थ्य केंद्र पिरथीपुर के आसपास उगी झाड़ियों की कांट-छांट की तथा वातावरण को पूरी तरह से स्वच्छ बनाने मे सहयोग दिया।



कार्यक्रम में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सतीश सिंह मिन्हास के मार्गदर्शन में चल रहे इस शिविर मे छात्रों को एनएसएस के माध्यम से जागरूकता की जाने वाली गतिविधिओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। शिविर में बौद्धिक सत्र में प्रवक्ता अजय कुमार मुख्यातिथि रहे। उन्होंने स्वयंसेवियों को साइबर क्राइम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कहा कि जहां इंटरनेट के कई फायदे हैं, वहीं इसके कई जोखिम भी हैं। हमारे देश में आज भी बहुत से लोग ऐसे हैं, जिनको इस प्रकार के अपराधों की जानकारी नहीं होती और वे ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं।

इस मौके पर उपप्रधानाचार्य पूनम देवी, हरविंद्र सिंह, प्रोमिला कुमारी, अमित कुमार, अभिनव पराशर, रेनू कुमारी, विनीत कुमार, श्वेता शर्मा, सुशील पठानिया, भारती शर्मा, हरमेश सिंह, प्रशांत ठाकुर, सुलोचना राणा, मनजीत कौर, अंजना देवी, सुनंदा कुमारी, चंद्रावली आदि उपस्थित रहे।

## पोषण माह के तहत महिलाओं को किया जागरूक



पोषण माह के तहत एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाली महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

समेकित बाल विकास परियोजना ऊना के तहत ग्राम पंचायत जलग्रा टब्बा, भटोली, डंगोली और लंलेहड़ी में पोषण माह के तहत जागरूकता शिविर आयाजित किए गए। पर्यवेक्षक वृत्त रक्कड़ से आशा देवी, भटोली से संतोष कुमारी, बरनोह से सुमन लता तथा लोअर अर्नियाला से वीना रानी की अध्यक्षता में ये जागरूकता शिविर आयोजित हुए।




‘जो कुछ भी तुमको कमजोर बनाता है शारीरिक, बौद्धिक या मानसिक उसे जहर की तरह त्याग दो। –स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# बिजली का करंट

हिमाचल प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को अब बिजली का जोरदार करंट लगने वाला है, क्योंकि सुक्खू सरकार ने विद्युत शुल्क अधिनियम में संशोधन करने के लिए जो बिल विधानसभा में रखा था वह पारित हो गया है। इस बिल के पास होने के साथ ही अब प्रदेश में बिजली महंगी हो जाएगी। बिल के मुताबिक, बिजली उपभोक्ताओं पर प्रति यूनिट 10 पैसे का मिल्क सेस यानी उपकर लगाया जाएगा। हालांकि, इसमें राहत की बात यह है कि जिन उपभोक्ताओं के जीरो बिल आ रहे हैं वह मिल्क सेस के दायरे से बाहर होंगे। सरकार ने न केवल मिल्क पर सेस लगाया है, बल्कि पर्यावरण पर भी सेस लगा दिया है। घरेलू उपभोक्ताओं की जेब पर हर अब प्रति यूनिट पर 10 पैसे और औद्योगिक इकाइयों पर पर्यावरसा सेस के रूप में दो पैसे से लेकर 6 रुपए तक का बोझ पड़ेगा। इन दोनों प्रकार के उपकरों को लगाने के पीछे सरकार की मंशा यह है कि वह मिल्क सेस से जहां दुग्ध उत्पादन बढ़ाना चाहती है तो वहीं, पर्यावरण सेस लगाकर सरकार ग्रीन स्टेट बनाने की दिशा में सोलर पावर क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ावा देना चाहती है। इन दोनों प्रकार के सेस से जो पैसा ऊर्जा विभाग के पास जमा होगा उसे दूध उत्पादन और ग्रीन स्टेट बनाने पर खर्च किया जाएगा। निश्चित रूप से सरकार का यह फैसला कई मायनों में सही भी साबित हो सकता है, लेकिन सवाल यही है कि इस पैसे का सही जगह पर इस्तेमाल हो पाएगा या नहीं? सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा। दूसरी ओर, उपभोक्ता इस फैसले को सरकार का तानाशाह रवैया बता रहे हैं। आर्थिक तंगी से जूझ रही प्रदेश सरकार यह कसरत इसलिए कर रही है, ताकि उसके राजस्व में वृद्धि हो, लेकिन बिजली उपभोक्ताओं को समझना थोड़ा कठिन होगा।

इस फैसले का प्रदेशभर में विरोध भी हो सकता है। लोग सड़कों पर भी उतार सकते हैं। वहीं, भाजपा ने तो इस मुद्दे पर सरकार को अभी से ही घेरना शुरू कर दिया है। हिमाचल में बिजली पर मिल्क और पर्यावरण सेस लगाने से सरकार को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा, जिसका उपयोग विकास कार्यों और सामाजिक योजनाओं के लिए किया जा सकता है। पर्यावरण सेस का उपयोग पर्यावरण संरक्षण और सुधार के लिए किया जा सकता है, जिससे राज्य की प्राकृतिक सुंदरता और संसाधनों का संरक्षण होगा। मिल्क और पर्यावरण सेस का उपयोग बिजली क्षेत्र में सुधार के लिए किया जा सकता है, जिससे बिजली की आपूर्ति में सुधार होगा और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। हालांकि, इसका नकारात्मक प्रभाव यह हो सकता है कि उपभोक्ताओं की जेब कट सकती है, क्योंकि उन्हें बिजली के बिलों में अतिरिक्त शुल्क देना होगा, लेकिन सरकार द्वारा इसका उपयोग विकास कार्यों और सामाजिक योजनाओं के लिए किए जाने से इसका लाभ उपभोक्ताओं को भी मिलेगा। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सेस की दरें इससे ज्यादा न बढ़ें ताकि उपभोक्ताओं पर इसका बोझ और न पड़ जाए। इसके अलावा, सरकार को सेस के उपयोग के बारे में पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए और उपभोक्ताओं को इसके लाभों के बारे में जानकारी देनी चाहिए। दूसरी ओर प्रदेश सरकार करीब 26 लाख उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने जा रही है।

इन स्मार्ट मीटरों के लगने से उपभोक्ताओं को लगभग सालाना 205 रुपए अतिरिक्त बिल आएगा, जिसका कारण स्मार्ट मीटर होंगे। बिजली विभाग इस समय 2750 करोड़ के घाटे से जूझ रहा है, लेकिन अब उस पर स्मार्ट मीटर लगाने का अतिरिक्त बोझ भी पड़ जाएगा। हालांकि, स्मार्ट मीटर लगाने की एवज में केंद्र सरकार 393 करोड़ का अनुदान बिजली बोर्ड को देगी, लेकिन ग्रांट के लिए अफसरशाही की ओर से हजारों करोड़ का बोझ डालना कहां की समझदारी है? बिजली बोर्ड में इस समय करीब नौ हजार पद खाली चल रहे हैं। कुल मिलाकर यह योजना व्यवहारिक नहीं लग रही। इससे बिजली बोर्ड बंद होने की कगार पर पहुंच सकता है। स्मार्ट मीटर की कीमत दस हजार से ज्यादा बताई जा रही है। स्मार्ट मीटर पर खर्च होने वाली राशि की वसूली उपभोक्ताओं से 100 रुपए प्रति माह बिजली के बिल के साथ होगी। वैसे तो स्मार्ट मीटर सरकार और बिजली विभाग को खुद अपने खर्चे पर उपभोक्ताओं को लगाकर देने चाहिए, लेकिन सरकार पहले ही आर्थिक संकट का रोना रो रही है और बिजली विभाग स्मार्ट मीटर लगाने की हैसियत नहीं रखता है, क्योंकि वह खुद ही घाटे में चल रहा है। जाहिर है कि बोझ सीधा उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। प्रदेश में अभी 12 लाख उपभोक्ताओं को मुफ्त में बिजली मिल रही है। सवाल यह है कि मुफ्त बिजली पाने वाले उपभोक्ताओं को भी क्या 100 रुपए हर माह देना होगा? ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के स्वतंत्रता सेनानी और प्रसिद्ध गांधीवादी नेता

**विनोबा** भावे महात्मा गांधी के आदरणीय अनुयायी, भारत के एक सर्वाधिक जाने-माने समाज सुधारक एवं ‘भूदान यज्ञ’ नामक आंदोलन के संस्थापक थे। इनकी समस्त जिंदगी साधु संन्यासियों जैसी रही, इसी कारणवश यह एक संत के तौर पर प्रख्यात हुए। विनोबा भावे अत्यंत विद्वान एवं विचारशील व्यक्तित्व वाले शख्स थे। महात्मा गांधी के परम शिष्य ‘जंग ए आजादी’ के इस योद्धा ने वेद, वेदांत, गीता, रामायण, कुरआन, बाइबल आदि अनेक धार्मिक ग्रंथों का उन्होंने गहन गंभीर अध्ययन मनन किया। अर्थशास्त्र, राजनीति और दर्शन के आधुनिक सिद्धांतों का भी विनोबा भावे ने गहन अवलोकन चिंतन किया। विनोबा भावे का जन्म गाहोदे, गुजरात, भारत में हुआ था। विनोबा भावे का मूल नाम विनायक नरहरि भावे था। एक कुलीन ब्राह्मण परिवार में जन्मे विनोबा ने ‘गांधी आश्रम’ में शामिल होने के लिए 1916 में हाई स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। गांधी जी के उपदेशों ने भावे को भारतीय ग्रामीण जीवन के सुधार के लिए एक तपस्वी के रूप में जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया। सन 1921 से लेकर 1942 तक अनेक बार जेल यात्राएं हुई। सन 1922 में नागपुर का झंडा सत्याग्रह किया। ब्रिटिश हुकूमत ने सीआरपीसी की धारा 109 के तहत विनोबा को गिरफ्तार किया। इस धारा के तहत आवारा गुंडों को गिरफ्तार किया जाता है। नागपुर जेल में विनोबा को पत्थर तोड़ने का काम दिया गया। कुछ महीनों के पश्चात अकोला जेल भेजा गया। ■



विनोबा भावे
जन्म : 11 सितंबर, 1895
मृत्यु : 15 नवंबर, 1982

## अपनी बात

**गणेश** चतुर्थी हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार भाद्रपद मास की चतुर्थी के दिन शुरू होता है। इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। तब से हिंदू धर्म के लोग गणेश के जन्मदिन को हर साल गणेश चतुर्थी पर्व के रूप में मनाते हैं। भगवान गणेश सभी को प्रिय है खासतौर से बच्चों को। यह ज्ञान और समृद्धि के देवता है और बच्चों में यह दोस्त गणेशा के नाम से प्रसिद्ध है। यह त्योहार देश के विभिन्न राज्यों में मनाया जाता है, लेकिन महाराष्ट्र में मनाया जाने वाला यह सबसे बड़ा त्योहार है। गणेश चतुर्थी के दिन लोग गणेश जी की मूर्ति को ढोल-बाजों के साथ घर लेकर आते हैं। ऐसा कहा जाता है कि बप्पा जब घर आते हैं तो सुख-समृद्धि साथ लेकर आते हैं, इसलिए लोग गणेश जी की पूजा पूरी श्रद्धा भक्ति से करते हैं, साथ ही बप्पा को मोदक, लड्डू, दूर्वा, फल, फूल आदि चढ़ाते हैं, आरती करते हैं और बप्पा से सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। यह उत्सव करीब 10 दिनों तक चलता है और 11वें दिन गणेश जी की मूर्ति को पानी में विसर्जित किया जाता है। –अदिती, घणा

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# हिमकेयर को बंद करने के बजाए सुधार की जरूरत

स्वास्थ्य बीमा योजना हिमकेयर अचानक बंद किए जाने से बेहतर होता कि उसमें पाई जाने वाली कमियों में सुधार किया जाता। हिमकेयर योजना बंद किए जाने के कारण प्रदेश की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं की दरकार है। आज हालात ऐसे बन चुके हैं कि सिविल अस्पतालों में लाइट की पुख्ता व्यवस्था अभाव के चलते इमरजेंसी में मरीजों का सिटीस्कैन तक नहीं हो रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में जनता को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होती, तो पूर्व भाजपा सरकार को हिमकेयर कार्ड योजना चलाने की जरूरत नहीं पड़ती। हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं पुख्ता बनाने की अभी बहुत अधिक जरूरत है। जनसंख्या अनुसार जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाना किसी भी प्रदेश सरकार के लिए आसान काम नहीं है। जनता को अपने खान- पान, रहन-सहन में बदलाव किए जाने की बहुत अधिक जरूरत है।

गलत खान-पान के चलते अधिकतर लोग मरीज बनकर अस्पतालों की लंबी कतारों में खड़े देखने को मिल रहे हैं। आम जनमानस आजकल भोजन से कहीं अधिक दवाइयां खाने के लिए क्यों निर्भर होकर रह गया, चिंता का विषय है? मेडिकल रिपोर्ट में ज्यादातर लोगों को शुगर, बवासीर, कोलेस्ट्रॉल, ग्लिसराइड, हाइपरटेंशन और तनावग्रसित का मरीज बताकर चिकित्सक उन्हें निरंतर दवाओं का सेवन जारी रखने की सलाह दे रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है, मानों विश्व स्तर पर लोगों को बीमार रखने की कोई साजिश चल रही है। हिमाचल प्रदेश के माननीय बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं लेने के लिए दूसरे राज्यों के अस्पतालों पर अधिक निर्भर रहते हैं। जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले माननीयों द्वारा अपने राज्य के अस्पतालों के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाने से उनका जीर्णोद्धार नहीं हो रहा है। जनता को सामाजिक सुरक्षा अधिकार के तहत बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाना राज्य सरकारों की अहम जिम्मेदारी बनती है। पंक्ति में अंतिम बैठे गरीब व्यक्ति की हर संभव मदद करने का दावा करने के बावजूद सुख की सरकार द्वारा हिम केयर कार्ड योजना बंद करना क्या समझा जाए? प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में आए अंतर का जनता अब आंकलन करने को मजबूर है। हिमकेयर योजना को बंद करने के बजाय, उसमें चल रही धोखाधड़ी को बंद करने की अधिक जरूरत थी। पूर्व केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान योजना चलाकर गरीब लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं में हर संभव मदद की जा रही है। इस योजना के अनुसार लोगों को 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त किया जाता है। देश भर में कई लोग आयुष्मान योजना का लाभ उठा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सरकार ने केंद्र सरकार की तर्ज पर हिम केयर कार्ड योजना चलाई थी।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

राज्य सरकार की ऐसी मंशा थी कि आयुष्मान योजना से वंचित लोगों का हिम केयर कार्ड योजना में इलाज करवाकर मानवता की सेवा की जाएगी। चंडीगढ़ पीजीआई अस्पताल में हिमकेयर कार्ड चलने से मरीजों को बहुत लाभ मिलता था। हिमाचल प्रदेश में 31 लाख हिमकेयर कार्ड होल्डर को 292 अस्पताल स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे थे। अभी तक कुल 7,707,44 मरीजों का इलाज हुआ, 998 करोड़ खर्च और 370 करोड़ रुपए की देनदारी अभी प्रदेश सरकार को चुकता करनी है। प्रदेश सरकार ने फिलहाल 100 करोड़ रुपए का भुगतान करके कुछेक अस्पतालों में हिमकेयर योजना कार्ड को चलाया था। राज्य सरकार पर 87 करोड़ रुपए की कर्जदारी अगर समय रहते खर्चों में कटौती नहीं की, तो हालात बद से बदतर बनने वाले हैं। सरकार ने 125 बिजली यूनिट की सब्सिडी बंद करके एक बहस को छेड़ दिया है। सरकारी मशीनरी में इस फैसले को लेकर असमंजस्य इसलिए कि अगस्त महीने में भी उक्त सुविधा मिलने की बात उजागर हुई है। कांग्रेस ने चुनावों की बेला पर जनता को 300 बिजली यूनिट मुफ्त दिए जाने की घोषणा की थी।

राज्य सरकार ने अपनी घोषणा पूरी करने के बजाय 125 बिजली यूनिट की सब्सिडी को खत्म करके विरोधाभास की स्थिति पैदा कर दी है। विद्युत विभाग पर करोड़ों रुपए की कर्जदारी, पर्याप्त स्टॉफ का भारी अभाव होने का खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है। एक सप्ताह उपरांत ही हिमकेयर कार्ड योजना को बंद किए जाने से प्रदेश सरकार के खिलाफ जनता भड़क उठी है। सरकार अपनी कर्जदारी का बोझ थोड़ा कम करने के लिए आगामी दिनों में और कई बड़े फैसले ले सकती, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। हिम केयर कार्ड योजना पूर्व भाजपा सरकार ने चलाई, इसलिए सुख की सरकार ने इसे बंद किए जाने का फैसला लिया, ऐसे आरोप भाजपा नेताओं द्वारा लगाए जा रहे हैं। हिम केयर योजना बंद किए जाने के पीछे राज्य सरकार द्वारा तर्क कुछ और दिए जा रहे हैं। इस योजना का लाभ सरकारी नौकरियों में तैनात कर्मचारियों के परिवार वाले भी उठा रहे, इसलिए सरकार को ऐसा फैसला मजबूरन लेना पड़ा है। हिमकेयर योजना से लाभान्वित लोगों का आडिट किए जाने की जरूरत है। आखिर प्रदेश की जनता को मालूम पड़े कि किन मरीजों का किस स्तर पर इलाज हो पाया है। कुछेक निजी अस्पताल प्रबंधकों ने हिमकेयर योजना का भरपूर लाभ उठाया है।

अस्पताल प्रबंधकों द्वारा मरीजों का आपरेशन करके राज्य सरकार से लाखों रुपए वसूलने की होड़ लगी रही। सच बात यह है कि नौसिखिए चिकित्स्कों की वजह से लोगों की जिंदगियां दाव पर भी लगी हैं। प्रत्येक बीमारी का इलाज सिर्फ आपरेशन जरिए किए जाने के पीछे धन की उगाही करना ही हो सकता है। सुख की सरकार ने हिम केयर योजना जारी रखने के लिए कैबिनेट ने एक सब-कमेटी का गठन किया है। उक्त कमेटी को तय करना है कि वार्षिक प्रीमियम के तहत किन निजी अस्पतालों में हिम केयर कार्ड जारी रखना है। कुल मिलाकर राज्य सरकारें अपने चहेते निजी अस्पताल प्रबंधकों को इसका लाभ पहुंचाए जाने की कोशिश करती हैं। हिमकेयर योजना का लाभ लेने के लिए मरीजों को अपना कार्ड अस्पतालों में एक्टिवेट करवाना पड़ता है। आपरेशन उपरांत इस कार्ड को डीएक्टिवेट करवाना भी जरूरी बन जाता, अन्यथा इसका दुरूपयोग भी हो सकता है। सच बात यह है कि 90 प्रतिशत हिमकेयर कार्ड होल्डर को ऐसी प्रक्रिया की कोई जानकारी का आभास तक नहीं है। सुख की सरकार द्वारा हिमकेयर कार्ड योजना बंद किए जाने का खामियाजा गरीब जनता को भुगतना पड़ेगा। राज्य सरकार पर कर्जधारी का बोझ बेशक बहुत अधिक है। सरकार क्या फिजूल खर्चा रोकने में कामयाब बन पाई है। माननीयों का वेतनमान सहित तमाम सुविधाओं में कमी करना समय की मांग है। प्रशासनिक अधिकारियों की तुलना में माननीयों को मिलने वाला वेतन सहित तमाम सुविधाएं कहीं अधिक हैं। प्रदेश सरकार को नोट फार वोट स्कीम के तहत महिलाओं को दिए जा रहे 15 सौ रुपए पर भी प्रतिबंध लगाना चाहिए। कर्जा लेकर प्रदेश सरकार को अपनी घोषणा को अमलीजामा पहनाने का कोई अधिकार नहीं है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में एक व्यक्ति का सेहतमंद बने रहना बहुत बड़ी चुनौती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# जब बैंक मैनेजर की आंखों में आंसू आ गए

महा माननीय वरिष्ठ नागरिक पीड़ा नहीं, समय पर पेंशन पाने के अधिकारी हैं। हिमाचल प्रदेश के पेंशन के अधिकारी नागरिकों से संबंधित एक विशेष उल्लेख करना अनिवार्य प्रतीत हो रहा है। यद्यपि इस विषय पर हजारों लोग लाखों प्रतिक्रियाएं प्रकट कर रहे हैं।

एक बहु प्रतिष्ठित बैंक के मैनेजर ने बेहद उदास स्वर और धीमी वाणी में मुझे भी बताया, ‘दूर-दराज, दुर्गम क्षेत्रों से लोग, विशेषकर माननीय वरिष्ठ व्यक्ति व महिलाएं एक विशिष्ट आशा के साथ अपनी पेंशन लेने के लिए बैंक आ रहे हैं। वे सभी बहुत बड़ी आशा और उम्मीद के साथ हमारी ओर ताकने लगते हैं और हम उनके लिए कुछ भी नहीं कर पाते! कितनी ही निराशा, दु:ख, पीड़ा सहित उनको खाली हाथ वापस जाना पड़ रहा है!’ और ये सब कहते हुए उन बैंक मैनेजर की आंखें भीग गईं, वो लगभग रो ही पड़े! मेरे समक्ष एक बेहद संवेदनशील और मार्मिक परिस्थिति उपस्थित हो गई थी। इन असीमित अवांछित व अप्रिय परिस्थितियों में भी, एक बड़े बैंक के बड़े अधिकारी के व्यक्तित्व का एक और सर्वथा सराहनीय, धवल पक्ष भी सामने आया। सरकारी, अर्ध सरकारी विभागों के ऐसे विशिष्ट अधिकारी अपने आप को कोई अफसर या शासक नहीं समझते, बल्कि, हर नागरिक को एकदम अपने ही बराबर समझकर उनके साथ विशेष सहानुभूति रखकर पूर्ण मानवीयता के साथ ही कार्य और व्यवहार करते हैं।



लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
मतियारा, मसरूंड, चंबा

रही वेतन और पेंशन की बड़ी देरी की बात, तो लगभग सभी संबंधित प्राधिकार और हिमाचल सरकार इस विषय में बहुत असमंजस और अनिश्चित से प्रतीत हो रहे हैं।

कितना ब्याज या पैसा बचाने के लिए कितने ही लाखों लोगों को घोर परेशानी में डाल दिया गया! यह हालात तो ‘नोटबंदी’ के समय से भी ज्यादा खराब मालूम पड़ रहे हैं तब बैंक के बाहर कतारों में खड़े होकर कुछ धनराशि तो मिल ही जाती थी, लेकिन अब तो प्रदेश भर में दुर्गम क्षेत्रों से बैंक में आ रहे हजारों हजार निर्दोष, मासूम लोगों को सर्वथा खाली हाथ ही मायूस, दु:खी, नाराज, निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है! अपने संवैधानिक अधिकार को प्राप्त करने का यह लंबा इंतजार बहुत ही कष्टकारक और पीड़ादायक है। ऐसी आशा और अपेक्षा की जाती है कि हिमाचल प्रदेश जैसे श्रेष्ठ राज्य में भविष्य में ऐसा कभी नहीं होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### जीवन के रंग

सरिता मलिक



***जीवन*** *कभी निराशा के*
*घने काले गरजते बरसते बादलों से,*
*सहम जाता है चंद पलों के लिए,*
*मगर फिर सवार हो,*
*उन्हीं बादलों की पीठ पर,*
*छूने चल देता है उम्मीद का सूरज*
*और खिल जाते हैं मन के बीहड़ में,*
*सुर्ख,महकते ,मुस्कुराहटों के फूल।*
*जीवन कभी गहरे समंदरों में डूब,*
*भूल जाता है सहज सांस लेना,*
*मगर फिर किसी तिनके को सहारा बना*
*तैरने लगता है सतह पर,*
*और चल देता है,*
*अगले अनुभव की यात्रा पर।*
*जीवन कभी सहज, सुखद, सुरमई*
*चांदनी रात में,*
*ताकता है पूनम के चांद को,*
*बिना जमीन पर नजर डाले*
*और कर लेता है लहूलुहान,*
*नंगे पैरों को, राह में बिखरे ,*
*तीखी कर्कश आवाजों के शीशों से,*
*मगर फिर, प्रकृति थमा देती है उसे,*
*लहू रोकने को अपने हरे पत्तों का लेप,*
*और जीवन फिर हो उठता है जीवंत।*
*यह जीवन का सफर है,*
*अक्सर निराशा के हिचकोले*
*हो जाते हैं इसे डुबोने को आतुर,*
*लेकिन बनाए रखती है संतुलन,*
*आशा की पतवार,*
*बार-बार, हर बार ।।*

# दिव्य शक्ति उपासना का पर्व... छतराड़ी जातर (मेला)

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि यूं ही नहीं कहा जाता, हिमालय की गोद में बसा यह राज्य वास्तव में ही प्राकृतिक और अलौकिक शक्ति स्वरूप का अद्वितीय वास स्थल है। प्रदेश में शायद ही कोई ऐसा गांव या स्थान होगा, जहां पर देवी-देवताओं का मंदिर स्थित न हो और लोगों में देवी-देवताओं के प्रति आस्था न हो। हिमाचल प्रदेश की दैवीय शक्ति उपासना और आराधना की संस्कृति को भिन्न-भिन्न रूपों और मेले व त्योहारों के रूप में मनाया जाना अलौकिक उपासना और आस्था का स्वरूप है। ऐसे ही दिव्य शक्ति की उपासना की संस्कृति को अपने अनूठे स्वरूप में संजोए हुए हैं। जिला चंबा के छतराड़ी गांव में मनाया जाने वाला मेला, जिसे स्थानीय भाषा में ‘जातर’ कहा जाता है, जो प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश में अपनी निराली और अनूठी संस्कृति के लिए विख्यात है। चारों ओर से पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा हुआ गांव छतराड़ी एक सुंदर और आकर्षक स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य को अपने आप में संजोए हुए है और उतना ही शोभायमान है।

गांव के बिलकुल मध्य में स्थित माता शिव शक्ति जी का अद्वितीय और अलौकिक मंदिर, जो हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। शास्त्रों के अनुसार इस मंदिर का निर्माण 780ईस्वी में किया गया था, जिसके पीछे अद्भुत गाथा है, जो आप स्थानीय लोगों और पुजारियों से गहनता से सुन सकते हैं, क्योंकि इस छोटे से लेख में संपूर्ण जानकारी प्रदान करना संभव नहीं है। वैसी ही गाथा इस गांव के नामकरण के बारे में भी विख्यात है। चंबा मुख्यालय से भरमौर सड़क मार्ग पर लूणा पुल नामक स्थान से आठ किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांव छतराड़ी चंबा से सड़क मार्ग द्वारा 48 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। भगवान शिव की शक्ति के रूप में प्रसिद्ध माता शक्ति देवी मंदिर देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी अपनी अनूठी काष्ठ कला और वास्तुकला का अद्वितीय और बेजोड़ नमूना है। मंदिर के भीतर और बाहरी लकड़ी की दीवारों पर सुंदर नक्काशी और कलाकृतियां अनायास ही हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती हैं।



लेखक : विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, चंबा

इस मंदिर के निर्माण कार्य के बारे में अनेक गाथाएं प्रसिद्ध हैं, जिन्हें स्थानीय बुजुर्गों और पुजारी लोगों से सुना जा सकता है, जो अपने आप में अद्भुत गाथा है। ऐसा माना जाता है कि निर्माण कार्य के दौरान यह मंदिर केवल मात्र एक ही स्तंभ पर अवस्थित था और घूम सकता था। शक्ति माता मंदिर में प्रतिदिन दो वक्त दिव्य पूजा और आरती की परंपरा सदियों से निरंतर और अनवरत जारी है, जिसका अनुभव आप मंदिर में पधारकर और मां के दिव्य दर्शन के समय कर सकते हैं। माता शक्ति जी को भगवान शिव की शक्ति के रूप में माना जाता है, मां के दरबार में आकर शीश झुकाने और मन्नत मांगने वाले कभी भी निराश या खाली हाथ नहीं लौटते हैं। मन्नत पूरी होने पर लोग यहां पर आकर रात्रि जागरण, जिसे स्थानीय में जागरा कहा जाता है, का आयोजन करते हैं और मां की असीम कृपा प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं।

पूरे वर्ष भर लोग यहां पर पधारकर मां का आशीर्वाद और शोभायमान मंदिर के दर्शन करने आते हैं। यहां पर सर्वाधिक महत्वपूर्ण और लोकप्रिय पर्व होता है छतराड़ी मेला(जातर)। इस मंदिर परिसर के प्रांगण में प्रतिदिन राधाष्टमी से दूसरे दिन मेले, जिसको स्थानीय भाषा में जातर कहा जाता है, तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है, जो प्रथा सदियों से चली आ रही है। इस वर्ष यह 12 सितंबर से प्रारंभ होकर 14 सितंबर को संपन्न होगा और 15 सितंबर को समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

मां शक्ति के मंदिर परिसर में मनाया जाने वाला यह अलौकिक मेला धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के निर्वहन से प्रारंभ होता है। राधाष्टमी के पावन पर्व पर पावन मणिमहेश झील से जल लाया जाता है और माता शक्ति जी के पावन स्नान के साथ ही पारंपरिक तरीके से जातर की शुरुआत होती है, जिसमें परंपरा के अनुसार स्थानीय लोग और पुजारियों द्वारा पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना करके देवी मां के गूर, जिसे स्थानीय भाषा में चेला कहा जाता है, को नचाया जाता है और उनकी वाणी और आदेश को मां का आशीर्वाद माना जाता है। शुभारंभ का दिव्य दृश्य अत्यंत ही मनमोहक और निराला होता है। स्नान के पश्चात देवी मां को पालकी में सजाकर गांव की परिक्रमा की जाती है, जिसमें स्थानीय लोग, पुजारी और साथ में पारंपरिक वाद्य यंत्रों से गूंजता हुआ वातावरण एक दिव्य और अलौकिक शक्ति का अनुभव करवाता है, जो दृश्य अत्यंत ही अलौकिक प्रतीत होता है।

मेले में प्रतिदिन के समय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें वालीबॉल प्रतियोगिता प्रमुख है और दोपहर बाद स्थानीय पारंपरिक वेशभूषा में लोकनृत्य, जिसे स्थानीय भाषा में डंडारस कहा जाता है, का आयोजन किया जाता है। इस मेले के उत्कृष्ट आयोजन में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और विशेषकर युवक मंडल के कर्मठ कार्यकर्ताओ, युवाओं, वरिष्ठजनों और स्थानीय गांववासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, जो आपसी सद्भाव और धार्मिक आस्था की भावनाओं को पल्लवित करती हैं। मेले में जिला चंबा और प्रदेश के अन्य भागों से भी खिलाड़ी और कलाकार भाग लेते हैं। प्रतिदिन शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिन्हें देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। मेले में सबसे अधिक आकर्षक और मनमोहक दृश्य तीसरे दिन अर्थात बड़ी जातर के दिन होता है, संपूर्ण मंदिर परिसर सैकड़ों की संख्या में नर्तकों, जिन्हें स्थानीय भाषा में ‘नाट’ कहा जाता है। आशा है कि यह मेला हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ देश में भी अपनी अनूठी और अलौकिक सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखकर निरंतर दैवीय शक्ति उपासना की परंपरा को आगे बढ़ाने में सदैव पल्लवित होता रहे। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सब प्रकार के पश्चात्ताप छोड़ अपने ऊपर विश्वास रखें

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कुछ समय के लिए अकारण ही मानसिक उदासी और उत्फुल्लता का दौर आता रहता है। उदासी के दौर में निराशा को घर करने न देना चाहिए तथा समझ लेना चाहिए कि वह दौर स्वयमेव निकल जाएगा। उत्फुल्लता के दौर में किसी उत्तम कर्म में जुट जाना चाहिए। सब प्रकार के पश्चात्ताप छोड़ दें। भूलों पर पछतावा करते रहने से शक्ति कुंठित होती है। अपनी पुरानी भूलों को पाप की संज्ञा देकर अपने को पापी एवं कलंकित मान बैठना और आत्मग्लानि की दलदल में धंसे रहा महापाप है।

भूतकाल को स्वप्न की भांति मिथ्या समझकर उसके साथ अपना नाता तोड़ दीजिए और वर्तमान को उल्लासमय बनाने का सच्चा प्रयत्न कीजिए। भूल को स्वीकार करने से भूल का अंत हो जाता है। हां, सत्पुरुष अपनी भूल को स्वीकार करने में नहीं हिचकता है, क्योंकि भूल स्वीकार करने से मन हलका होता है तथा सुधार प्रारंभ हो जाता है। भूल मानते ही गलत पग को पीछे हटा लेना तथा भूल करते न रहना शूरवीर का काम है। आगे संभलकर चलें और आगे बढ़ें। पूर्ण कौन है? किससे कभी भूल नहीं होती? कौन सदैव सफल होता है? भूल अथवा विफलता हो गई, तो आत्मग्लानि की क्या बात है? ‘बीती ताहि बिसारि दे, आगे की सुधि लेइ।’ दूसरों के सामने रो-रोकर पुरानी भूलों के गीत गाने से भूलों के संस्कार दृढ़ होते हैं, शक्ति का ह्रास होता है तथा उत्साह का क्षय होता है। पुरानी भूलों के स्मरण में उलझे रहने से प्रगति ही अवरुद्ध हो जाती है। सच्चा पछतावा वह है जो दोष को भस्म करके शीघ्र ही स्वयं भी विलुप्त हो जाए तथा आप भविष्य के लिए संकल्प लेकर शांत एवं शीतल हो जाएं और तत्पश्चात बार-बार भूलों को न याद करें, न दु:ख मानें। ग्लैडस्टोन ने कहा था कि कोई मनुष्य बहुत-सी और बड़ी-बड़ी भूलें बिना किए हुए कभी बड़ा या भला नहीं बना। वास्तव में भूलों का अनुभव तो राह का प्रकाश बन जाता है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

विश्वास कीजिए, प्रभु उन जघन्य अपराधों को भी क्षमा कर देते हैं, जिन्हें मानव अक्षम्य समझता है, यदि आप सच्चे भाव से शरण में आकर पवित्र हो गए हैं। ‘सरन गये प्रभु ताहु न त्यागा। विस्व द्रोह कृत अघ जेहि लागा।।’ प्रभु शरणागत भयहारी हैं। ‘कोटि विप्र वध लागहिं जाहू। आये सरन तजउँ नहिं ताहू।। सनमुख होहि जीव मोहि जबही। जन्म कोटि अघ नासहिं तबही।।’ जो व्यक्ति दूसरों को क्षमा कर देता है, वह भूल होने पर अपने को भी क्षमा कर सकता है। जो दूसरों को क्षमा नहीं कर सकता है, वह अपने को भी क्षमा नहीं करता है और वह जीवन को नरक बना लेता है। शोक, विषाद में पड़े रहना अविवेक का परिचायक है। विषाद की काली चादर को आपने स्वयं ही ओढ़ा है। आप इसे उतारकर फेंक सकते हैं। यदि संतों का भूलकाल दिव्य है तो कथाततिथत पापी का भविष्य भी दिव्य हो सकता है।

पुराने अपराधों की स्मृति का विवेकपूर्ण शमन (दमन नहीं) करने से आप अतीत से मुक्त हो सकते हैं। सच्चा पछतावा वह है, जिससे निर्मल जीवन का उदय हो।रोग होने पर रोग की चिंता करना, उसे द्विगुणित कर देता है। रोग का उपाय अवश्य करना चाहिए, किंतु रोग का चिंतन एवं उसकी बार-बार चर्चा करना और रोग से भयभीत होकर जीवन को सड़ा देना मूर्खता ही है। रोग के ‘मूड’ में रहने से रोग बढ़ता ही है। होम्योपैथी, एलोपैथी आदि से बढ़कर लाभकारी ‘एपेथी’ (रोग की परवाह न करना है) है। ‘राम कृपा नासहिं सब रोगा।’ कुछ लोग नाजुक-मिजाजी में रोग बना रहना चाहते हैं।

यह उनके लिए एक शान की बात होती है। ऐसे लोगों से सदा बचते रहें। उनके संपर्क से काल्पनिक रोग लगते हैं। ‘मेरे एक पूर्वज इसी रोग से मर गए थे’-ऐसा तर्क मूर्खतापूर्ण होता है। अमुक व्यक्ति जैसे रोग के लक्षण कहीं मुझमें तो नहीं है, कहीं मुझमें भी वह रोग तो नहीं आने लगा है, इस प्रकार अपने को दूसरे रोगियों के समान रोगी समझने लगना अथवा रोग के लक्षणों की मिथ्या कल्पना करना भयंकर भूल है। यदि आप चिकित्सक नहीं है तो व्यर्थ ही रोगों की सविस्तार जानकारी करने का प्रयत्न न करें, क्योंकि रोगों की जानकारी करते हुए आप अपने भीतर भी रोगों की मिथ्या कल्पना कर सकते हैं। ऐसे चिकित्सक को दूर रखें, जो रोग को ‘भयंकर’ कहकर उसे असाध्य बना देता है। ‘आप बहुत सोचते हैं, मन में ताना-बाना बुनते रहते हैं, आपको भारी हृदय-रोग हैं, आपकी चिकित्सा करना कठिन है’- इत्यादि बातें अविवेकी चिकित्सक कहते हैं। किसी रोगी से अपनी तुलना न करें, स्वस्थ व्यक्तियों से प्रेरणा लें। प्रत्येक व्यक्ति की स्थिति अलग-अलग होती है। आशा और विश्वास रखने से तथा प्रबल इच्छा-शक्ति से भयंकर रोग भी ठीक हो जाते हैं।

अत: ऋणात्मक चिंतन करना सर्वथा त्याज्य है। अपने स्वस्थ हो जाने में तथा स्वस्थ रहने में अनंत और अखंड विश्वास रखें। जीवन के प्रति आस्था, उत्साह और विश्वास मनुष्य को सदा तरुण बनाए रखते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098



# मणिमहेश यात्रा





## आस्था...






मणिमहेश यात्रा के लिए देशभर से श्रद्धालु आ रहे हैं। प्रशासन और लोगों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह लंगर लगाए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा कर्मी तैनात किए हैं। वहीं गत रविवार को भी हजारों की तादाद में मणिमहेश यात्री डल झील में आस्था की डुबकी लगाने के लिए राह में है।

## न्यूज ब्रीफ

### लूणा में सीएचपीएल का 9वां विशाल भंडारा आज

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** सीएचपीएल विद्युत परियोजना द्वारा वार्षिक भंडारे का आयोजन बुधवार को चिरचिंड पावर हाउस लूणा में किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रोजैक्ट इंचार्ज प्रीतम शर्मा ने कहा है की 9वें विशाल भंडारे के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने इस मौके पर अधिक से अधिक लोगों को इस वार्षिक भंडारे में शामिल होने का अनुरोध किया है। हर वर्ष इस विशाल भंडारे का आयोजन राधा अष्टमी बड़े न्हौण के दिन बड़ी धूमधाम से किया जाता है। इस विशाल भंडारे में मणिमहेश की यात्रा पर गए श्रद्धालु भी प्रसाद ग्रहण करते हैं।

### शिव लंगर सेवा समिति बनीखेत ने करवाया शिव नुआला



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** शिव लंगर सेवा समिति बनीखेत द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 सितंबर से एनएच 154 ए पर तलगुट के पास भव्य भंडारे का आयोजन जारी है। इसी कड़ी में बीती रात शिवलंगर सेवा समिति बनीखेत द्वारा भव्य नुआले का आयोजन किया गया, जिसमें पूरी रात शिव ऐंचलीयों द्वारा भगवान शिव का गुणगान किया गया। इस आयोजन में बड़े ही श्रद्धा भाव से आने वाले श्रद्धालुओं को लंगर एवं चाय का भी प्रबंध किया गया था। शिव लंगर सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि शिव न्वाले में जो आनंद की अनुभूति प्राप्त हुई वह अस्मरणीय है उसे किसी तरह से बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने सभी स्थानीय लोगों का भी धन्यवाद किया की उन्होंने जो अपना सहयोग शिवलंगर सेवा समिति को दिया।

### मलेरिया पर जागरूकता के लिए बैठक आज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा आज मलेरिया हेतु जागरूकता और रोकथाम के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बरसात के आरंभ से ही जिले के सभी स्वास्थ्य खंडों में मलेरिया से निपटने कि तैयारी जाती रही है जिससे पिछले पांच वर्षों में जिले भर मे एक भी केस मलेरिया का नहीं पाया गया है। उन्होंने बताया कि कोई भी केस न आने पर मलेरिया को हलके में नहीं लिया जा सकता है। इस बीमारी कि जानकारी ही इस से बचाव कर सकती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि इन मच्छरों की उत्पत्ति ज्यादातर बरसात तथा उसके बाद के मौसम में होती है जिसका एक बड़ा कारण बरसात में होने वाली बारिस के पानी का बेकार पड़े टायरों, टूटे फूटे बर्तनों या प्लास्टिक के कचरे में इकट्ठा होना है इन मच्छरों की उत्पत्ति घर के आसपास के खड्डों एवं कूलर के पानी में भी हो सकती है।

### स्वयंसेवकों ने संवारा कॉलेज परिसर



**विनोद जसवाल, नेरचौक।** गवर्नमेंट कॉलेज रिवालसर की एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह सफाई अभियान एनएसएस संयोजक प्रो. रमणीक शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें एनएसएस स्वयं सेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कॉलेज परिसर की सफाई के साथ-साथ बरसात के मौसम में कॉलेज परिसर में अनावश्यक रूप से उगी झाड़ियों और घास की कटाई भी की। इसके अलावा रास्तों से भी अनावश्यक घास काटकर अवरोध हटाए गए, जिससे परिसर के वातावरण को अधिक स्वच्छ और सुंदर बनाया गया।

### मंगलवार रात 11:13 बजे से लेकर बुधवार दोपहर 2:20 तक मुहूर्त

# राधा अष्टमी पर डल झील में बड़ा न्हौण आज

**ओपी शर्मा, भरमौर**

उतर भारत की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा में राधाअष्टमी पर्व का शाही बड़ा न्हौण आज होगा। हांलाकि मंगलवार को रात 11 बजकर 13 मिनट पर आरंभ होगा और बुधवार बाद दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर इसका समापन होगा। इस दौरान अलग-अलग शिव भक्तों की छड़ियां शाही स्नान के लिए यहां पहुंच गई है।

मंगलवार को मौसम की करवट बदलने के साथ भी शिव भक्तों के हौसले पस्त नहीं हुए और लगातार शिव भक्त मणिमहेश के लिए रवाना होते रहे। लिहाजा बड़े न्हौण के लिए श्रद्धालुओं की टोलियां सोमवार को उपमंडल मुख्यालय भरमौर से डल झील की ओर निकल पड़ी है।

वहीं गत रविवार को भी हजारों की तादाद में मणिमहेश यात्री डल झील में आस्था की डुबकी लगाने के लिए राह में है। बहरहाल उपमंडलीय प्रशासन ने भी राधाअष्टमी पर्व की तैयारियों को लेकर सोमवार को समीक्षा बैठक की है और यात्रियों को हरसंभव सहायता मुहैया करवाने की बात कही है। राधाअष्टमी पर्व पर डल झील में होने वाले शाही स्नान के लिए पड़ोसी राज्य जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से छड़ियों के साथ इस मर्तबा हजारों की तादाद में शिवभक्त डल झील की ओर निकल चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



### शाही स्नान की सभी तैयारियां पूर्ण : एसडीएम

एडीएम कुलवीर सिंह राणा का कहना है कि राधाअष्टमी पर्व पर डल झील में होने वाले शाही स्नान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है।

हड़सर से दोनाली के बीच जाम लगने वाले स्थानों पर पुलिस बलों को तैनात किया गया है। वहीं एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक-एक टीम भी यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर लगाई गई है।

## श्री बाबा मणिमहेश श्राइन बोर्ड का गठन करे सरकार : मनीष सरीन

**अनंत ज्ञान, चंबा**



आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने हिमाचल प्रदेश सरकार से श्री बाबा मणिमहेश श्राइन बोर्ड का गठन करने की मांग उठाई है। मनीष ने कहा की जिला चंबा में प्रत्येक वर्ष शिवभक्त लाखों की संख्या में श्री बाबा मणिमहेश के दर्शन हेतु आते हैं किन्तु हर वर्ष व्यवस्था को बदहाल ही पाते हैं। बदहाल व्यवस्था के कारण प्रत्येक वर्ष यात्रा के दौरान कई हादसे सामने आते हैं जिसमें कई यात्रिओं को तो अपनी जान भी गवानी पड़ जाती है।

प्रत्येक वर्ष श्री बाबा मणिमहेश यात्रा की बदहाल व्यवस्था पर पक्ष विपक्ष राजनीति के अलावा कुछ भी करने में असमर्थ नजर आता है। यात्रा में हर वर्ष व्यवस्थाओं की बदहाली कहीं न कहीं शासन व प्रशासन दोनों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करती हैं। मनीष ने कहा की यदि हिमाचल प्रदेश सरकार श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की तर्ज पर श्री बाबा मणिमहेश श्राइन बोर्ड का गठन करती है तो सम्पूर्ण यात्रा की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी बोर्ड की हो सकती है।

बोर्ड के गठन से न केवल प्रत्येक वर्ष यात्रा के दौरान व्यवस्थाएं बेहतर हो सकती हैं बल्कि मणिमहेश पीठ के स्थाई विकास की तरफ भी अग्रसर हुआ जा सकता है। मनीष ने कहा की यदि माननीय मुख्यमंत्री श्री बाबा मणिमहेश श्राइन बोर्ड गठन की उनकी मांग को मान लेते हैं तो राहत मिलेगी।

## नीलकंठ मंदिर में भंडारा 11 को

**मंडी।** मंडी के कालेज रोड थनेहड़ा स्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर में चल रहे गणपति उत्सव के पांचवें दिन 11 सितंबर को भंडारे का आयोजन होगा। गणपति उत्सव कमेटी नीलकंठ महादेव मंडी के प्रवक्ता ने बताया कि गणपति उत्सव के चलते बीच में इस भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि बुधवार 11 सितंबर को दोपहर एक बजे से शुरू होने वाले इस भंडारे में आकर प्रसाद ग्रहण करें व इस उत्सव में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें। गणपति की प्रतिमा का विसर्जन इस बार सोमवार 16 सितंबर को होगा। उसी दिन मंडी का प्रसिद्ध त्योहार सायर भी है। उपायुक्त ने सायर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। ऐसे में गणपति विसर्जन में बड़ी तादाद में लोगों के शामिल होने की उम्मीद की जा रही है।

## तीसा बिजली बोर्ड के कार्यालय में आई दरारें

**आजम डार, चुराह।** तीसा में चल रहा बिजली बोर्ड का कार्यालय खंडहर बन चुका है बिजली बोर्ड कार्यालय की हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि यहां पर काम कर रहे कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं बिजली बोर्ड के उच्च अधिकारी इस भवन को सुधारने में अपने दिलचस्पी नहीं दिखा पा रहे हैं इस भवन में इतनी बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी है कि भारी बर्फबारी में यह भवन कभी भी गिर सकता है। इस भवन में तीन कमरे बने हुए हैं जिसमें एसडीओ का कार्यालय भी शामिल है। इस भवन की हालत को देखकर कर्मचारी भी इसमें रहने और कार्य करने से डर रहे हैं इसलिए सभी कर्मचारियों ने सरकार वह बोर्ड से यही मांग की है कि इस भवन की हालत जल्द से जल्द सुधारी जाए

अधिशासी अभियंता प्रवेश ठाकुर ने बताया कि इस भवन की डैमेज रिपोर्ट बनाकर सरकार व विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है भवन बनाने के लिए बजट का प्रावधान होते ही इस भवन की तुरंत मरम्मत की जाएगी।

## निशुल्क स्वास्थ्य कैंप में 70 लोगों ने करवाई जांच



कैंप के दौरान लोगों का चेकअप करते हुए डॉक्टर।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त कार्यालय परिसर चंबा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपायुक्त कार्यालय चंबा के अतिरिक्त अन्य विभिन्न कार्यालयों के करीब 70 अधिकारियों व कर्मचारियों की स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर करण हितेषी ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिवरों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जांच के साथ-साथ उन्हें भविष्य के स्वास्थ्य संबंधी खतरे बारे सचेत करना भी है। उन्होंने बताया कि आज के इस शिविर में जांच के दौरान बीपी व शुगर से संबंधित कई ऐसे मरीज भी पाए गए जिन्हें इससे पहले अपने रोग के बारे में कोई जानकारी व लक्षण नहीं थे।

इस शिवर में उच्च रक्तचाप से संबंधित 15 रोगियों का उपचार किया गया जिसमें से 6 पुराने तथा 9 नए रोगी शामिल हैं। इसी प्रकार 6 शुगर से संबंधित मरीजों का उपचार किया गया, जिसमें से दो पुराने तथा चार नए रोगी शामिल हैं। इस अवसर पर 50 लोगों के आभा कार्ड भी बनाए गए। डॉ. हितेषी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविर पहले भी कई अन्य स्थानों पर आयोजित किया जा चुके हैं।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित सुनील का किया स्वागत

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



सुनील का स्वागत करने के दौरान स्कूल स्टाफ।

शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त कर लौटे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरगट, जिला चंबा (हिमाचल प्रदेश) के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता सुनील कुमार का उनके विद्यालय आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया।

उनके सम्मान हेतु विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सतीश कुमार जी ने की जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत खरगट के सदस्य और बच्चों के अभिभावकगण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

विद्यालय प्रबंधन समिति ने सुनील जी को टोपी और शाल पहनाकर सम्मानित किया और सभी स्टाफ सदस्यों ने फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया । उनके सम्मान में स्कूल बैंड ने ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान सुनील कुमार ने बच्चों को यह संदेश दिया कि जीवन में अगर आप कुछ प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं तो उसे प्राप्त करने का केवल एक ही मंत्र है और वह है - समर्पण, दृण निश्चय और कड़ी मेहनत।

उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में भी वह इसी लगन से बच्चों के लिए ऐसे ही कार्य करते रहेंगे। उन्होंने अपना यह पुरस्कार अपने विद्यालय, भटियात और बच्चों को समर्पित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि इस उपलब्धि ने पूरे विद्यालय, पंचायत, भटियात और चंबा जिले को एक नई पहचान दी है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद, ग्राम पंचायत खरगट की प्रधान राधा देवी जी ने भी उनकी इस उपलब्धि पर उनको शुभकामनाएं दी।(अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### कटराईं में मनाया ज्ञान-विज्ञान गणित मेला



**पतलीकूहल।** सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं में संकुल स्तरीय ज्ञान-विज्ञान गणित मेले का कार्यकम बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान गीता ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि अपनी उपस्थिति दर्ज की। संकुल स्तरीय ज्ञान-विज्ञान गणित मेले का शुभारंभ प्रधान गीता ठाकुर ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया। कार्यकम में हिमाचल शिक्षा समिति कुल्लू के उपाध्यक्ष राजेश्वर गुप्ता तथा बीडीसी सदस्य पल्लवी कटोच विशेष रूप से उपसिथित रहीं। साईंस फेयर में प्रमुख रुप से सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं, रियाड़ा, पनगां, सरसेई, नग्गर, लरांकेलो के लगभग 207 स्टूडेंट्स ने भाग लिया, जिसमें छात्रों ने अलग-अलग वर्ग में अलग-अलग विषयों विज्ञान, गणित आदि में भाग लिया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्याथियों को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

### 24 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल समाप्त



**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** कुल्लू कॉलेज में मंगलवार को एबीवीपी ने छात्रों के हित में शुरू की 24 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल को समाप्त कर दिया है। इस अवसर पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए छात्रों की मांगों को दोहराया। इस दौरान एबीवीपी छात्र उद्घोष संयोजक ऋतिक ने कहा अपनी मांगों को फिर से दोहराते हुए कहा कि छात्र संघ चुनाव को बहाल करने, सभी परीक्षा परिणामों को 45 दिनों के अंदर घोषित करने के बारे, विश्वविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा व परिणाम की गड़बड़ियों को दुरुस्त करने, प्रदेश के विद्यालयों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों की आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने, शिक्षक व गैर-शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों को भरने के बारे, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की 112 हेक्टेयर जमीन को वापस लेने व सरदार पटेल विश्वविद्यालय का दायरा बढ़ाने के साथ प्रदेश में बढ़ते नशा माफिया के ऊपर सख्त कार्रवाई करते हुए कानून व्यवस्था को सुधारने की मांग की। साथ ही कॉलेज में चुनावों के बाद से अब तक ईवीएम मशीनों को रखा गया है, जिस कारण छात्रों को कक्षा लगाने में परेशानी हो रही है इसलिए एबीवीपी छात्र संगठन ने जोर देकर कहा कि छात्रों के हित को देखते हुए इन ईवीएम मशीनों को कॉलेज से जल्द से जल्द हटाया जाए और साथ ही कॉलेज में एमएससी को शुरू करने के बारे में भी मांग रखी है।

### 60 से अधिक लोगों का जांचा स्वास्थ्य



**पतलीकूहल।** द हंस फाउंडेशन की नग्गर टीम और दोहलुनाला हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में एक जन आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना और स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना था। इस जन आरोग्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जहां उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं, जिनमें प्रमुख रूप से सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र जांच, मधुमेह जांच और महिलाओं व बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाएं शामिल थीं। हंस फाउंडेशन की एमएमयू-3 (मोबाइल मेडिकल यूनिट) ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, दोहलुनाला हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ने स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के इस प्रयास में सक्रिय योगदान दिया। इस शिवर में 60 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांचा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को बीमारियों की रोकथाम, उचित पोषण और स्वच्छता के महत्व पर जागरूक किया।

### लड़कियों के अंडर-19 जिला टूर्नामेंट का आगाज



**कुल्लू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढालपुर में बालिकाओं की अंडर-19 जिला टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य संसदीय सचिव सुंदर ठाकुर ने किया। उन्होंने इस अवसर पर ध्वज फहराकर टूर्नामेंट की विधिवत शुरुआत की तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का अपना विशेष महत्व है तथा सर्वांगीण विकास के लिए यह बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुल्लू की लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं वे हर क्षेत्र में देशभर में क्षेत्र का नाम ऊंचा कर रही हैं। खेलकूद व पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने वाली गरीब लड़कियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए वे अपनी तथा अपने शोभला साथी ट्रस्ट की और से भी आर्थिक मदद कर हर प्रकार से उन्हें आगे बढ़ने में सहयता करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में जिले के केवल कुल्लू कॉलेज में ही एनसीसी एयर विंग की सुविधा प्राप्त है तथा यहां कैडेटों को एयरक्राफ्ट के प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए भुंतर हवाई अड्डे पर हैंगर का निर्माण किया जा रहा है। भुंतर स्थित हवाई अड्डे पर हैंगर के बन जाने से जिले के एनसीसी विंग के कैडेटों को यहां पर ही माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट उड़ाने की प्रशिक्षण सुविधा मिल सकेगी।

### 11वें हिमालयी व्याख्यान का आयोजन



**कुल्लू।** गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान हिमाचल क्षेत्रीय केंद्र, मौहल में वार्षिक दिवस एवं 11वां हिमालयी लोकप्रिय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। मुख्यातिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था के संचालन के लिए किसी क्षेत्र विशेष की वहन क्षमता का आकलन आवश्यक रहता है, ताकि यातायात, सहित अन्य सुविधाओं की उपलब्धता तथा निर्भरता का ज्ञान हो सके। 11वां हिमालयी लोकप्रिय व्याख्यान की मुख्य व्याख्याता प्रोफेसर (डॉ.) देविका वैद्य एसोसिएट निदेशक (आर एंड ई), क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण स्टेशन (डॉ. वाईएस परमार बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय), बजौरा ने उत्तर-पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में सतत बागवानी पद्धतियों के माध्यम से उत्तर-पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में आजीविका बढ़ाना विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने नए फल-पौधों तथा रूट स्टॉक किस्मों की बागवानी को किसानों के लिए अधिक आय सृजन का माध्यम बताया। उन्होंने प्राकृतिक कृषि, फल प्रसंस्करण तथा नव प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर आर्थिकी को सुदृढ़ करने पर बल दिया।

# बिजली चोरी पर पंजाब में नकेल

## 296 पर एफआईआर दर्ज, 38 भ्रष्ट कर्मचारी बर्खास्त

**एजेंसी, चंडीगढ़**

बिजली चोरी के मामले में अगस्त महीने के दौरान राज्य भर के एंटी पावर थेफ्ट थानों में 296 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसके अलावा 38 कर्मचारियों को भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने के कारण बर्खास्त किया गया है।

पावर काम ने पांच जोन जिसमें पटियाला में 90, अमृतसर में 79, बठिंडा में 71, लुधियाना में 29 और जालंधर में 27 एफआईआर दर्ज करवाया है। वहीं, पिछले दो माह के दौरान 37 आउटसोर्स मीटर रीडरों और एक सुपरवाइजर को भ्रष्टाचार के आरोप में बर्खास्त किया गया है।

बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने बिजली चोरी से निपटने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि



इस तरह की कार्रवाइयों के खिलाफ सख्त कदम लगातार उठाए जाते रहेंगे। उन्होंने बिजली चोरी करने वालों को सख्त चेतावनी दी कि वे अपनी गतिविधियां बंद कर अपने बिजली कनेक्शन को नियमित करवाएं। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी राज्य के खजाने को बड़ा नुकसान पहुंचाती है। यह उल्लेखनीय है कि बिजली मंत्री ने पहले ही बिजली विभाग के अधिकारियों को राज्य भर में व्यापक स्तर पर विशेष निरीक्षण करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए हुए हैं। इन निरीक्षणों का उद्देश्य बिजली चोरी को रोकना और इन अवैध गतिविधियों से हुए वित्तीय नुकसान की भरपाई करना है।

पीएसपीसीएल के हालिया प्रयास उल्लेखनीय रहे हैं। राज्य भर में कुल 81,262 कनेक्शनों की जांच की गई, जिसके परिणामस्वरूप कई मामलों में चोरी का पता चला। बकाएदारों पर लगभग 13.30 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

क्षेत्रवार, अमृतसर में बॉर्डर जोन ने 27,285 जांचों के साथ 989 चोरी के मामलों और 3.01 करोड़ रुपये के जुर्माने की सूचना दी। बठिंडा में पश्चिमी जोन ने 6,079 जांचों के साथ 872 चोरी का पता लगाया और 3.03 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। जालंधर में उत्तरी जोन, लुधियाना में मध्य जोन और पटियाला में दक्षिण जोन ने भी बड़ी संख्या में चोरी के मामले और जुर्माने की सूचना दी।

# सीएम धामी ने की अभिनेता अनुपम खेर के साथ भेंट



**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी तथा फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने भेंट की। उन्होंने प्रदेश में फिल्म निर्माण एवं फिल्मांकन से संबधित विभिन्न विषयों तथा प्रदेश में फिल्म निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है विभिन्न सुविधाओं पर चर्चा की।

अनुपम खेर ने राज्य की नई फिल्म नीति 2024 को फिल्मों को बढ़ावा देने वाला प्रयास बताते हुए राज्य की फिल्म नीति के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार भी व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

## खालसा कॉलेज मोहाली में शैक्षणिक सत्र की शुरुआत



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

खालसा कॉलेज (अमृतसर) ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस स्टडीज, फेस-3ए, मोहाली में आज शैक्षणिक सत्र 2024 -25 के शुभारंभ के अवसर पर कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. हरीश कुमारी के नेतृत्व में आरंभिक अरदास समारोह का आयोजन किया गया।

आयोजन में यूथ सर्विसेज, पंजाब के डिप्टी डायरेक्टर कुलविंदर सिंह तथा असिस्टेंट डायरेक्टर रुपिंदर कौर व अन्य मेहमानों में पंजाब के पूर्व डीएफओ तेजिंदर सिंह, तथा फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के अधिकारीगण, ट्राईसिटी के विभिन्न शिक्षा संस्थानों के चुनिंदा शिक्षाविद ने शिरकत की। इस दौरान उनके साथ कॉलेज की प्रिंसीपल डॉ. हरीश कुमारी और कॉलेज फैकल्टी मेंबर्स भी उपस्थित थे।

समारोह की शुरुआत में कॉलेज परिसर में श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ रखा गया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान ने सभी को सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की।

प्रिंसिपल डॉ. हरीश कुमारी ने खालसा कॉलेज अमृतसर के ऐतिहासिक योगदान और इसके शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी और विद्यार्थियों को कॉलेज के नियमों और विनियमों के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। (अनंत ज्ञान)

## नगर निगम अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने कोचिंग केंद्रों का किया निरीक्षण

**चंडीगढ़।** शैक्षणिक/कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों को बढ़ाने के लिए एक सक्रिय उपाय के रूप में, अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं की टीम ने चंडीगढ़ में 236 कोचिंग केंद्रों और संस्थानों का गहन निरीक्षण किया है।

आयुक्त विनय प्रताप सिंह द्वारा अधिकृत यह पहल छात्रों के लिए सुरक्षित और संरक्षित शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। 87 केंद्रों ने अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है और 81 केंद्रों ने अभी तक कोई आवेदन जमा नहीं किया है। यह महत्वपूर्ण अंतर छात्रों और कर्मचारियों के जीवन की रक्षा के लिए अग्नि सुरक्षा नियमों के अनुपालन की तत्काल आवश्यकता को उजागर करता है। इन निष्कर्षों के जवाब में, आयुक्त श्री विनय प्रताप सिंह ने निर्णायक कार्रवाई की है। उन्होंने उन केंद्रों के लिए 30 दिनों की अंतिम अनुपालन समय सीमा का आदेश दिया है। (अनंत ज्ञान)

## रतूड़ी ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान को सफल बनाने के दिए निर्देश



**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज कैबिनेट सेक्रेटरी, भारत सरकार की अध्यक्षता में चौथी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेस की तैयारियों तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित विडियों कॉन्फ्रेसिंग में प्रतिभाग किया।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के प्रभावी व सफल संचालन के लिए अधिकारियों को प्रदेशभर में जनभागीदारी, जागरूकता, एडवोकेसी के साथ सार्वजनिक व वाणिज्यिक स्थलों, कार्यालयों, संस्थानों, सड़कों, राजमार्गो, बाजारों, ट्रैकिंग व कैंपिंग स्थलों व अन्य पर्यटन व धार्मिक स्थलों में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच व सामाजिक सुरक्षा कवरेज हेतु सिंगल विंडों कैम्प लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों व एनजीओ की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम मार्गों में मलबे की समस्या के समाधान के लिए चारधाम रूट पर डंपिंग जोन हेतु उचित स्थानों के चिन्हीकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सचिव पेयजल व जिलाधिकारियों को सभी एसटीपी के निरीक्षण व जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## विकास निगरानी गतिविधियां संचालित

**चंडीगढ़।** इंदिरा कॉलोनी, मनिमाजरा में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों और उनके माता-पिता ने गंभीर तीव्र कुपोषण और मध्यम तीव्र कुपोषण से सामान्य स्वास्थ्य श्रेणी में वापस आने की खुशी मनाई। इस कार्यक्रम में एनीमिया की रोकथाम पर एक चिकित्सा अधिकारी द्वारा व्याख्यान दिया गया, जिसने पोषणात्मक स्वास्थ्य बनाए रखने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

डॉ. अनु गर्ग ने सेक्टर 24 के आंगनवाड़ी केंद्र में आयुष (आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा, और होम्योपैथी) के सिद्धांतों पर एक विचारणीय व्याख्यान दिया। इस सत्र में आयुष प्रथाओं के समग्र लाभ, योग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को शामिल किया गया। प्रतिभागियों ने दैनिक जीवन के लिए व्यावहारिक योग आसनों और श्वास तकनीकों को सीखा और इस पहल की सराहना की। 450 आंगनवाड़ी केंद्रों पर विकास निगरानी गतिविधियां संचालित की गईं। (अनंत ज्ञान)

## कुल्लू-लाहौल-स्पीति

## पिता की अस्थियों को गंगा में बहाकर लौटे बेटे का मिला शव

- युवक के पिता समाजसेवी सुरेश की करीब 15 दिन पहले नदी में बहने से हुई थी मौत
- खून से लथपथ मिला शव हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

करीब 15 दिन पहले जहां भुंतर के समाजसेवी सुरेश गोयल की ब्यास नदी में बहने से मौत हुई थी। वहीं, अब उनके बेटे अभय सूद का भी शव चंडीगढ़ में खून से लथपथ मिला है।

अभय अपने पिता की अस्थियों को लेकर हरिद्वार गए थे, वहां से वापसी में वह यह कहकर निकले कि मैं जहां पर जॉब करता हूं वहां पर काम छोड़कर वापस आऊंगा, लेकिन अब उनका शव चंडीगढ़ में खून से लथपथ मिला है। चंडीगढ़ की सुखना लेक के पास कुल्लू जिला निवासी 35 वर्षीय युवक का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी मच गई है। युवक की पहचान अभय सूद पुत्र स्वर्गीय सुरेश गोयल के रूप में की गई है। वहीं, अभय के पिता की 13वीं के बाद अब उनके बेटे की मौत की खबर से भुंतर शहर में शोक की लहर है। उक्त युवक वर्तमान में चंडीगढ़ के किशनगढ़ में रह रहा था। पुलिस के अनुसार घटना स्थल पर युवक का गला कटा हुआ पाया गया और पास में एक कटर और सूटकेस पड़ा मिला है। पुलिस को मृतक के पास एक मोबाइल फोन भी मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सेक्टर-16 जनरल अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। प्राथमिक जांच में पुलिस को युवक द्वारा आत्महत्या करने के संकेत मिले हैं।

पुलिस के अनुसार घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, तो उनमें युवक अकेला आता दिखाई दिया। वह सूटकेस लेकर पैदल सुकना लेक की तरफ आ रहा था, ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि अभय सूद ने कटर से खुद अपना गला काटा है। ग्रेजुएट होने के बावजूद नौकरी न मिलने के चलते वह मानसिक रूप से बहुत तनाव में था। फिलहाल पुलिस मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाल रही है।

## आनी पुलिस ने डोहवी में उखाड़े भांग के 5100 पौधे, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, आनी**

पुलिस थाना आनी की टीम ने गश्त के दौरान डोहवी गांव में खेतों में उगाये गए लगभग 5100 भांग के अवैध पौधों को बरामद कर नष्ट किया।

पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध थाना आनी में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा-20 के तहत दो मामले दर्ज किए हैं। वहीं, एसपी कुल्लू कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि पुलिस ने आगामी छानबीन शुरू कर दी है।



### लुहरी में दुकान से 12 बोतलें देसी शराब बरामद

**पुलिस** थाना आनी के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी लुहरी की टीम ने लुहरी में एक दुकान से छापामारी के दौरान 12 बोतलें देसी शराब ऊना नंबर वन की बरामद की हैं। जानकारी देते हुए एसपी कुल्लू कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के दौरान लुहरी बाजार में दुकान करने वाले बालकृष्ण निवासी बागीरी तहसील आनी की दुकान में छापा मारा और अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने बालकृष्ण के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत आनी थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

## बीबीए-बीसीए की सीटों पर एडमिशन प्रक्रिया शुरू

**कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू में बीबीए-बीसीए की सीटें बढ़ गई हैं। 12वीं पास विद्यार्थी 18 सितंबर तक एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने बताया कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी से बीबीए-बीसीए की सीटें बढ़ा कर 60-60 कर दी गई हैं। पिछले सत्र में सीटों की संख्या 40-40 थी। वर्तमान सत्र में बढ़ी हुई सीटों पर एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थी 18 तक कॉलेज की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## मांगें न मानने पर 20 को पेंशनर्स करेंगे धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले के शास्त्रीनगर में मंगलवार को सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू मंडल की मासिक बैठक जय बिहारी लाल भारद्वाज की अध्यक्षता में महिला मंडल भवन शास्त्री नगर कुल्लू में आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश स्तर की कार्यकारिणी के उपप्रधान व जिला प्रधान सेस राम ठाकुर, जिला महासचिव मोहर सिंह सीस, जिला वरिष्ठ उपप्रधान योगराज शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष, भादर चंद, जिला एडिटर अमरचंद ठाकुर, भुंतर खंड के प्रधान एसके



कतना, उपप्रधान गिरधारी लाल डोगरा, लाहौल-स्पीति के प्रधान रामनाथ, तीरथ राम राणा, खेमराज शर्मा, रूप चंद ठाकुर, ईश्वरी राम, पार्वती, दुर्गी देवी, चंपा देवी, हरिराम, तुले राम आदि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान करीब 55 पेंशनर्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर दो नए पेंशनर्स नौमी राम ठाकुर, मनीराम संघ में शामिल हुए। विभिन्न प्रवक्ताओं ने एसोसिएशन की मांगों बारे विचार रखे। विशेषकर यदि सरकार ने 15 सितंबर तक पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए नहीं बुलाया या मांगों पर विचार नहीं किया, तो 20 को जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

**रोष** डेढ़ वर्ष बीतने के बावजूद न तो मुआवजा मिला और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए

# सैंज बाढ़ प्रभावित जाएंगे मुख्यमंत्री के दरबार

**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैंज घाटी के बाढ़ प्रभावित लोग पिछले डेढ़ वर्षों से डीसी कुल्लू और एसडीएम बंजार के कार्यालय के चक्कर काट कर थक चुके हैं, मगर प्रशासन की तरफ से केवल आश्वासन के सिवा कुछ भी नहीं मिल पाया है।

प्रशासन कि इस बेरुखी से परेशान सैंज के प्रभावितों का भारी रोष पनप चुका है। सैंज के नालागढ़ में सैंज वैली विकास समिति के बैनर तले प्रधान बुध राम की अध्यक्षता में सैंज बाढ़ प्रभावितों की बैठक हुई, जिसमें सैंज घाटी के बाढ़ प्रभावितों ने निर्णय लिया कि अब एक बार वह मुख्यमंत्री के दरबार में अपनी समस्या को लेकर इस महीने शिमला जाएंगे। यदि



प्रदेश सरकार भी उनकी समस्याओं का हल नहीं करती है, तो वह आंदोलन करने से गुरेज नहीं करेंगे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री को प्रस्ताव पारित किया गया। सैंज वैली विकास समिति के प्रधान बुध राम ने बताया कि सैंज बाढ़ प्रभावित परिवारों को एक साल दो महीने गुजर जाने के उपरांत मुख्यमंत्री द्वारा घोषित पूर्ण आपदा अथवा आंशिक आपदा राहत राशि की दूसरी किस्त नहीं दी गई है और कुछ परिवारों की संपूर्ण भूमि या तो बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गई है या फिर भूस्खलन के खतरे में आ चुकी है। उन परिवारों को गृह निर्माण के लिए सुरक्षित स्थानों पर 3 विस्वा भूमि दिए जाने की मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी, लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। सैंज पिन पार्वती नदी, निहारनी डैम से बिहाली लारजी तक के गांवों की फसल बाढ़ में तबाह हुई है। उन्हें भी तुरंत फसल का मुआवजा दिया जाए। 9,10 जुलाई में आई बाढ़ में हुए नुकसान, घराट, गोशाला, बाग बगीचे, फिश फार्म बाढ़ में बह गए। सैंज हनुमान मंदिर से फॉरेस्ट नर्सरी बकशाहल गांव तक की सड़क 800 मी. पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। यह सड़क हर साल एनएचपीसी चरण-ढुढ्ढ डैम के पानी छोड़ने से क्षतिग्रस्त हो रही है। इसीलिए एनएचपीसी चरण-ढुढ्ढ को आदेश देकर कंक्रीट दीवार व क्रेट वायर लगाकर बकशाहल गांव की सड़क को तुरंत बहाल करने के लिए निर्देश दें, ताकि भविष्य में कोई जान माल का नुकसान न हो।

## 13 को आनी कॉलेज में होगी पीटीए की आम सभा



**आनी।** कुल्लू के आनी कॉलेज में अभिभावक-अध्यापक संघ की वार्षिक आम सभा का आयोजन होने जा रहा है। अभिभावक-अध्यापक संघ की ये वार्षिक आम सभा शुक्रवार 13 सितंबर को की जाएगी। आनी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. नरेंद्र पॉल ने बताया कि इस आम सभा में पीटीए की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उन्होंने सभी छात्रों के अभिभावकों से अपील की है कि वे इस बैठक में उपस्थित होकर नई कार्यकारिणी के गठन में अपनी सहभागिता निभाएं। इसी बैठक में कॉलेज एवं छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं समस्याओं पर भी अभिभावकों से विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक का आयोजन आनी कॉलेज के सभागार में सुबह 11 बजे किया जाएगा।

